शुक्रवार, 10 जनवरी 2025
मौसम
तापमान 24 – 13
आर्द्रता 56%
सूर्योदय: 6:19 सूर्यास्त: 17:10

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर
कोलकाता, पौष शुक्लपक्ष एकादशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये
सुविचार : जब दर्द और कड़वी बोली मिठी लगने लगे तो आपको जीना आग गया।


आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और अमेरिका एकजुट: अमेरिकी राजदूत –पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# कुंभ मेले से कम नहीं है गंगासागर मेला : ममता

## मुख्यमंत्री ने केंद्र से फिर की गंगासागर को राष्ट्रीय मेला घोषित करने की मांग

■ **मुख्यमंत्री ने आउट्राम घाट में गंगासागर सेवा शिविर का किया उद्घाटन**



**कोलकाता,समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को एक बार फिर केंद्र सरकार पर गंगासागर मेले को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए इसे राष्ट्रीय मेला घोषित करने की अपनी मांग दोहराई। कोलकाता के आउट्राम घाट (बाबूघाट) में गंगासागर तीर्थयात्रियों के लिए ट्रांजिट सेवा शिविरों का उद्घाटन करते हुए ममता ने कुंभ मेले से तुलना करते हुए कहा कि गंगासागर मेला कुंभ से कम नहीं है। ममता ने कहा कि मैंने केंद्र से बार-बार इसे राष्ट्रीय मेला घोषित करने का अनुरोध किया है, केंद्र को इसपर विचार करना चाहिए। पिछले साल एक करोड़ लोग गंगासागर आए थे। इस साल प्रयागराज में कुंभ मेला भी है। कुंभ के लिए केंद्र ने हजारों करोड़ रुपये दिया है। ममता ने आरोप लगाया कि गंगासागर मेले के लिए केंद्र एक पैसा भी नहीं देता है। सबकुछ राज्य को ही करना पड़ता है। मैं 10 साल से प्रयास में हूं कि गंगासागर मेले को राष्ट्रीय मेला घोषित किया जाए। ममता ने कहा कि गंगासागर मेला कुंभ मेला की तुलना में बहुत कष्टकर है। कुंभ मेला जाना बहुत आसान है, क्योंकि वह चारों तरफ से सड़क और रेल से जुड़ा हुआ है। लेकिन, गंगासागर नदी पार कर जाना पड़ता है। ममता ने कहा कि 2011 में जब राज्य में हमारी सरकार आईं थी तब गंगासागर में कुछ नहीं था। तीर्थ कर तक लिया जाता था। हमारी सरकार ने तीर्थ कर को समाप्त कर दिया। उन्होंने दावा किया कि 2011 के बाद से उनकी सरकार ने गंगासागर का काफी विकास किया है। वहां राज्य सरकार ने तीन हेलीपैड भी बनवाया है। ममता ने कहा कि अब सब तीर्थ एक बार गंगासागर बार- बार हो गया है। उन्होंने दावा किया कि गंगासागर मेले पर हर साल राज्य सरकार 100 करोड़ रुपये से ज्यादा का खर्च करती है। ममता ने कहा कि जो दूसरे राज्य से यहां गंगासागर में स्नान करने आते है, आप सभी हमारे मेहमान हैं। ममता ने लोगों से अपील की कि गंगासागर में कोई आग या अलाव न जलाएं। गंगासागर मेले में भारी भीड़ के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसलिए मुख्यमंत्री ने बार-बार इस बारे में चेतावनी दी। ममता ने कहा कि किसी को भी जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। अधिकारियों से कहा कि ध्यानपूर्वक जांच लें कि जहाज या बार्ज पर कितने लोग यात्रा कर सकते हैं।

**11, 12 और 13 जनवरी को गंगा आरती, सागर बंधु की सुविधा**

ममता ने यह भी कहा कि पुण्य स्नान से पहले 11, 12 और 13 जनवरी को गंगासागर में सागर तट पर गंगा आरती होगी। पिछले साल भी गंगा आरती हुई थी। राज्य के 12 मंत्री गंगासागर मेले के दौरान वहां रहेंगे। ममता ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों से गंगासागर आने वाले लोगों को भाषा संबंधी कोई दिक्कतें न हो, इसके लिए सभी बसों में भाषाओं को समझाने के लिए सागर बंधु की ड्यूटी लगाई गई है। ममता ने कहा कि परिवहन को देखना होगा कि बैच ट्रांजिट सिस्टम से बस छोड़े जाएं, ताकि कोई असुविधा न हो। ममता ने कहा कि इस बार स्नान का पवित्र समय 14 जनवरी की सुबह से 15 की सुबह तक है। हालांकि, गंगा में प्रतिदिन स्नान करना पवित्र है।


**इलेक्ट्रिक वेसल सेवा का उद्घाटन**



इस मौके पर, ममता ने इलेक्ट्रिक-वेसल सेवा का भी वर्चुअल उद्घाटन किया। यह ई-वेसल (जहाज) हुगली नदी में हावड़ा से बेलूरमठ व दक्षिणेश्वर के बीच चलेगा। इस दौरान, ममता ने स्वामी विवेकानंद को भी याद किया। ममता ने दावा किया कि यह देश की पहली ई-वेसल सेवा है, जिसे राज्य की शिपिंग कंपनी ने विकसित किया है। इसके अलावा, बाबूघाट से ममता ने 50 दमकल बाइक, कई दमकल की इंजनें, जंगीपुर फायर स्टेशन का भी वर्चुअल उद्घाटन किया।

# आरजीकर मामले में सुनवाई पूरी, 18 जनवरी को फैसला सुनाएगा कोर्ट

■ **सीबीआई ने मुख्य आरोपित संजय राय की फांसी की सजा की मांग की**



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के सियालदह कोर्ट में गुरुवार को आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से दुष्कर्म व हत्या मामले की सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट 18 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे फैसला सुनाएगा। बता दें कि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास की अदालत में 11 नवंबर को इस मामले की सुनवाई शुरू हुई थी। हाईकोर्ट के निर्देश पर इस वारदात की जांच कर रही सीबीआई मामले में पहले ही आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। पिछले साल 9 अगस्त को आरजीकर अस्पताल के आपातकालीन विभाग की चौथी मंजिल के सेमिनार हॉल से पीड़िता का शव बरामद किया गया था। घटना के अगले दिन सिविक वॉलंटियर संजय राय को गिरफ्तार किया गया था। सीसीटीवी फुटेज में उसे सेमिनार हाल में प्रवेश करते देखा गया था। मौके से उसका हेडफोन भी मिला था। सीबीआई ने आरोपपत्र में कहा है कि संजय राय ही मुख्य आरोपित है। हालांकि, पीड़िता के माता-पिता ने अदालत से कहा है कि इस घटना एक से अधिक लोग शामिल हो सकते हैं। उन्होंने और विस्तृत जांच की मांग की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने मुख्य आरोपित संजय राय की फांसी की सजा की मांग की है। वहीं, सीबीआई के दावे का विरोध करते हुए आरोपित के वकील ने अदालत से कहा कि पूरी घटना नाटकीय है। आरोपित को झूठे मामले में फंसाया गया है। वह घटना में शामिल नहीं था।

# आरक्षण के दायरे से किसी को बाहर करने के बारे में फैसला लेना विधायिका और कार्यपालिका का काम: न्यायालय



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि कार्यपालिका और विधायिका यह तय करेंगे कि क्या उन लोगों को आरक्षण के दायरे से बाहर रखा जाए, जो कोटे का लाभ ले चुके हैं और दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में हैं। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने पिछले साल अगस्त में शीर्ष अदालत की सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ के फैसले का हवाला देते हुए एक याचिका पर यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, हमारा विचार है कि पिछले 75 वर्षों को ध्यान में रखते हुए, ऐसे व्यक्ति जो पहले से ही लाभ उठा चुके हैं और दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में हैं, उन्हें आरक्षण से बाहर रखा जाना चाहिए। लेकिन इस बारे में निर्णय कार्यपालिका और विधायिका को लेना है। संविधान पीठ ने बहुमत से फैसले में कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों (एससी) के अंदर उप-वर्गीकरण करने का संवैधानिक अधिकार है ताकि उनमें सामाजिक और शैक्षणिक रूप से अधिक पिछड़ी जातियों को उत्थान के लिए आरक्षण दिया जा सके। संविधान पीठ का हिस्सा रहे और एक अलग फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति गवई ने कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के बीच भी क्रीमी लेयर की पहचान करने और उन्हें आरक्षण का लाभ देने से इनकार करने के लिए एक नीति बनानी चाहिए। बृहस्पतिवार को याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील ने सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले का हवाला दिया, जिसमें ऐसे क्रीमी लेयर की पहचान करने के लिए नीति बनाने को कहा गया था। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का विचार है कि उप-वर्गीकरण स्वीकार्य है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि संविधान पीठ की ओर से राज्यों को नीति तैयार करने का निर्देश दिए हुए लगभग छह महीने बीत चुके हैं। पीठ ने कहा, हम इस पर सुनवाई के इच्छुक नहीं हैं। जब वकील ने याचिका वापस लेने और इस मुद्दे पर निर्णय ले सकने वाले संबंधित प्राधिकारी के समक्ष अभ्यावेदन दायर करने की अनुमति मांगी तो अदालत ने इजाजत दे दी। वकील ने कहा कि राज्य नीति नहीं बनाएंगे और अंततः शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ेगा तो इस पर अदालत ने कहा, सांसद हैं न। सांसद कानून बना सकते हैं। पिछले वर्ष एक अगस्त को उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले में स्पष्ट कहा था कि राज्य पिछड़ेपन और सरकारी नौकरियों में प्रतिनिधित्व के मात्रात्मक व प्रमाणित आंकड़ों के आधार पर उप-वर्गीकरण करें, न कि मनमाने तरीकों और राजनीतिक लाभ के आधार पर।

# सरकारी चिकित्सकों की निजी 'प्रैक्टिस' रोकने के लिए नीति लाए सरकार: इलाहाबाद उच्च न्यायालय

**प्रयागराज (उप्र) :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मेडिकल कॉलेज और सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों द्वारा मरीजों का इलाज नहीं करने पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार को बुधवार को निर्देश दिया कि वह चिकित्सकों की निजी 'प्रैक्टिस' पर रोक लगाने के लिए एक नीति लाए। प्रयागराज स्थित मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद गुप्ता द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने कहा, ''यह एक समस्या हो गई है कि मरीजों को इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम और अस्पतालों के लिए रेफर किया जाता है।'' अदालत ने कहा, ''राज्य सरकार द्वारा नियुक्त चिकित्सक मेडिकल कालेज और सरकारी अस्पतालों में मरीजों का इलाज नहीं कर रहे और केवल पैसों के लिए मरीजों को निजी नर्सिंग होम और अस्पतालों के लिए रेफर किया जा रहा है।'' मौजूदा मामले में रुपेश चंद्र श्रीवास्तव नाम के व्यक्ति ने याचिकाकर्ता चिकित्सक द्वारा एक निजी नर्सिंग होम में गलत इलाज किए जाने की शिकायत उपभोक्ता फोरम में की थी और फोरम के निर्णय के खिलाफ यह याचिका दायर की गई।

# हेनले पासपोर्ट सूचकांक में भारत की रैंकिंग गिरकर 85वें स्थान पर पहुंची



**नयी दिल्ली :** वैश्विक पासपोर्ट सूचकांक में भारत की रैंकिंग इस वर्ष पांच पायदान गिरकर 85 हो गई है जबकि सिंगापुर लगातार दूसरे वर्ष शीर्ष पर है। ये आंकड़े नागरिकता सलाहकार कंपनी 'हेनले एंड पार्टनर्स' द्वारा बुधवार को जारी 'हेनले पासपोर्ट सूचकांक' से लिए गए हैं। इसकी वेबसाइट के मुताबिक, सूचकांक में 199 विभिन्न पासपोर्ट और 227 विभिन्न यात्रा गंतव्य शामिल हैं। साल 2025 के सूचकांक के अनुसार, भारत 85वें स्थान पर है जबकि पाकिस्तान और बांग्लादेश की रैंकिंग क्रमशः 103वीं (2024 में 101वीं) और 100वीं (2024 में 97वीं) है। वर्ष 2024 के लिए हेनले पासपोर्ट सूचकांक में भारत की रैंकिंग विश्व स्तर पर 80वीं थी। कंपनी की वेबसाइट पर 2006 से 2025 तक के उपलब्ध डेटा के अनुसार, भारत की रैंक 2021 में सबसे कम 90वीं थी, जबकि सर्वश्रेष्ठ 2006 में थी जब देश 71वें स्थान पर था। अमेरिका की रैंकिंग 2025 के लिए नौवीं होगी, जो 2024 में सातवीं थी, जबकि चीन की रैंकिंग 60वीं हो गई है जो 2024 में 62वीं थी। इस साल जापान दूसरे नंबर पर है, जबकि 2018-2023 तक यह शीर्ष स्थान पर था। 2024 में जापान और सिंगापुर दोनों ने शीर्ष रैंक साझा की थी। कंपनी द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, पिछले एक दशक में दुनिया के 199 पासपोर्ट में से केवल 22 पासपोर्ट ही हेनले पासपोर्ट सूचकांक रैंकिंग में नीचे आए हैं। बयान के मुताबिक, 2015 और 2025 के बीच वेनेजुएला के बाद रैंकिंग में गिरावट वाला अमेरिका दूसरा सबसे बड़ा देश है, जो दूसरे स्थान से सात पायदान नीचे गिरकर वर्तमान में नौवें स्थान पर आ गया है।

# भारत ने अन्य देशों की तुलना में अधिक शक्तिशाली हाइड्रोजन ईंधन ट्रेन इंजन बनाया : वैष्णव



**भुवनेश्वर :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय रेलवे द्वारा विकसित हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाले ट्रेन इंजन दुनिया में सबसे अधिक हॉर्स पावर वाला इंजन है। वैष्णव ने यहां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के ''हरित जुड़ाव: प्रवासियों का सतत विकास में योगदान'' शीर्षक से एक पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। वैष्णव ने कहा कि दुनिया में केवल चार देश ही ऐसे ट्रेन इंजन बनाते हैं, ''वे 500 से 600 हॉर्स पावर के बीच वाले इंजन का उत्पादन करते हैं, जबकि भारतीय रेलवे द्वारा स्वदेशी तकनीक का उपयोग करके निर्मित इंजन की क्षमता 1,200 हॉर्स पावर है, जो इस श्रेणी में अबतक का सबसे अधिक है।'' मंत्री ने कहा कि इस तरह की पहली ट्रेन का जल्द ही हरियाणा में जींद-सोनीपत मार्ग पर परीक्षण होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इंजन निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन वर्तमान में इसकी प्रणाली का एकीकरण चल रहा है। मंत्री ने कहा कि इस तरह की तकनीकी उन्नति से देश को आत्मविश्वास मिलता है और भारत को तकनीकी आत्मनिर्भरता हासिल करने के मामले में अभी लंबा सफर तय करना है तथा मूल्य श्रृंखला का हिस्सा बनने की जरूरत है।

# जलवायु परिवर्तन से गेहूं, चावल की पैदावार में 10 प्रतिशत तक की कमी आएगी : अधिकारियों ने चेताया

**नयी दिल्ली :** जलवायु परिवर्तन की वजह से भारत के चावल और गेहूं उत्पादन में 6-10 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है, जिससे लाखों लोगों के लिए सस्ते भोजन तक पहुंच प्रभावित होगी। वरिष्ठ अधिकारियों ने यह बात कही। अधिकारियों ने बताया कि जलवायु परिवर्तन का एक अन्य प्रभाव यह है कि समुद्र तट के पास समुद्र का पानी गर्म हो रहा है, जिससे मछलियां गहरे समुद्र के ठंडे पानी की ओर जाने को मजबूर हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इसका असर मछुआरा समुदाय पर भी पड़ रहा है।

# महाकुम्भ का यह अवसर उप्र की 'ब्रांडिंग' का सर्वोत्तम समय: मुख्यमंत्री आदित्यनाथ



**महाकुम्भ नगर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि महाकुम्भ का यह अवसर उत्तर प्रदेश की संभावनाओं के प्रदर्शन और 'ब्रांडिंग' का सर्वोत्तम समय है। महाकुम्भ मेला सेक्टर तीन स्थित भव्य 'डिजिटल कुम्भ एक्सपीरियंस सेंटर' का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 जनवरी से प्रारंभ होने जा रहे प्रयागराज महाकुम्भ में त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ लेने के लिए पूरी दुनिया में अपूर्व उत्साह है और देश के भीतर न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि कई अन्य राज्यों की पूरी कैबिनेट संगम स्नान करने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि डिजिटल महाकुम्भ एक्सपीरिएंस सेंटर सही मायनों में महाकुम्भ की दिव्यता और भव्यता को डिजिटल रूप से प्रदर्शित करता है। मुख्यमंत्री ने डिजिटल एक्सपीरिएंस सेंटर में वीआर तकनीक के माध्यम से दिखाई जा रही समुद्र मंथन की गाथा की अनुभूति कर इसकी प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने डिजिटल एक्सपीरियेंस सेंटर की अन्य सभी गैलरी का निरीक्षण भी किया और इसे नयी पीढ़ी को भारत की प्राचीनतम संस्कृति से परिचित करवाने का सबसे उपयुक्त केंद्र बताया। उन्होंने कहा, ''हमारी भावी पीढ़ी जो महाकुम्भ में संगम स्नान के लिए आएगी, उसे डिजिटल महाकुम्भ एक्सपीरिएंस सेंटर पर जरूर आना चाहिए। इस सेंटर के माध्यम से भावी पीढ़ी को प्राचीनतम भारत की झलक देखने को मिलेगी। वह अपनी जड़ों को महसूस कर पाएंगे और सनातन धर्म के प्रति उनकी आस्था और प्रगाढ़ होगी। विदेशी पर्यटक भी भारत की संस्कृति और इसकी प्राचीनता को महसूस करेंगे।'' महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर तीन में बना डिजिटल एक्सपीरिएंस सेंटर कृत्रिम मेधा (एआई) और 'वर्चुअल रियलिटी' (वीआर) के माध्यम से महाकुम्भ की पौराणिक कथाओं, समुद्र मंथन, प्रयाग महात्म्य और त्रिवेणी संगम को डिजिटल रूप से दिखाएगा। डिजिटल एक्सपीरियंस सेंटर 60 हजार वर्ग फुट के क्षेत्र में 12 जोन में बंटा हुआ है। इसमें एआई, वीआर, एआर, होलोग्राम और एलईडी डिस्प्ले के माध्यम से पौराणिक गाथाओं को दर्शाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक 80 प्रतिशत टेंट की बुकिंग हो चुकी है।

# भविष्य 'युद्ध' में नहीं, बल्कि 'बुद्ध' में निहित है: मोदी



**भुवनेश्वर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुनिया आज भारत की बात ध्यान से सुनती है और देश अपनी विरासत के कारण ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह कह पाता है कि भविष्य 'युद्ध' में नहीं, बल्कि 'बुद्ध' में निहित है। ओडिशा की राजधानी में आयोजित '18वें प्रवासी भारतीय दिवस-2025' सम्मेलन का औपचारिक तौर पर उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि भारत सिर्फ लोकतंत्र की जननी ही नहीं है बल्कि लोकतंत्र हर भारतीय के जीवन का हिस्सा है। उन्होंने कहा, ''21वीं सदी का भारत, आज जिस गति से आगे बढ़ रहा है और जिस स्तर पर आज भारत में विकास के काम हो रहे हैं, वह अभूतपूर्व है। भारत की बात को आज दुनिया ध्यान से सुनती है। आज का भारत, अपना पक्ष तो मजबूती से रखता ही है, ग्लोबल साउथ की आवाज को भी पूरी ताकत से उठाता है।'' 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। मोदी ने कहा कि जब भारत ने अफ्रीकन यूनियन को जी20 का स्थायी सदस्य बनाने का प्रस्ताव रखा तो सभी सदस्यों ने इसका समर्थन किया। उन्होंने कहा, ''मानवीयता प्रथम के भाव के साथ, भारत अपनी वैश्विक भूमिका का विस्तार कर रहा है।'' मोदी ने कहा, ''दुनिया में जब तलवार के जोर पर साम्राज्य बढ़ाने का दौर था, तब हमारे सम्राट अशोक ने यहां (ओडिशा में) शांति का रास्ता चुना था। हमारी विरासत का यह वही बल है, जिसकी प्रेरणा से आज भारत, दुनिया को कह पाता है कि भविष्य युद्ध में नहीं है, बुद्ध में है।'' प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद दोनों देशों के बीच युद्ध, इजराइल और फलस्तीन के बीच संघर्ष और विश्व के कई देशों में हिंसा और अस्थिरता का दौर जारी है। प्रधानमंत्री मोदी इससे पहले कई मौकों पर वैश्विक मंचों से भी कह चुके हैं कि संघर्षों का समाधान युद्ध से नहीं बल्कि शांति के रास्ते से तलाशा जाना चाहिए। उन्होंने भारत में आयोजित सफल जी20 सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया को देश की विविधता का प्रत्यक्ष अनुभव कराने के लिए भारत के विभिन्न हिस्सों में इसकी बैठकें आयोजित की गईं। उन्होंने कहा, ''हम सिर्फ लोकतंत्र की जननी ही नहीं हैं, बल्कि लोकतंत्र हमारे जीवन का हिस्सा है। हमें विविधता सिखानी नहीं पड़ती, हमारा जीवन ही विविधता से चलता है।'' मोदी ने कहा कि भारत अब 'विश्व बंधु' के रूप में जाना जाता है, इसे और मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''भारत की सफलता आज दुनिया देख रही है। आज जब भारत का चंद्रयान शिव शक्ति प्वाइंट पर पहुंचता है, तो हम सब को गर्व होता है। आज जब दुनिया, डिजिटल इंडिया की ताकत देखकर हैरान होती है, तो हम सब को गर्व होता है। आज भारत का हर क्षेत्र आसमान की ऊंचाई छूने को आगे बढ़ रहा है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत की प्रगति की गति सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है। उन्होंने कहा, ''आज भारत, मेड इन इंडिया फाइटर जेट बना रहा है, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट बना रहा है और वो दिन भी दूर नहीं जब आप किसी मेड इन इंडिया प्लेन से ही प्रवासी भारतीय दिवस मनाने भारत आएंगे।'' प्रधानमंत्री ने भारत के विकास में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना करते हुए कहा, ''मैंने हमेशा प्रवासी समुदाय को भारत का राजदूत माना है।'' उन्होंने कहा, ''हम आपकी सुविधा और आराम को बहुत महत्व देते हैं। आपकी सुरक्षा और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम संकट की स्थितियों के दौरान अपने लोगों की मदद करना अपनी जिम्मेदारी मानते हैं, चाहे वे कहीं भी हों।'' उन्होंने कहा, ''यह आज भारत की विदेश नीति के मार्गदर्शक सिद्धांतों में से एक है। पिछले दशक के दौरान, हमारे दूतावास और कार्यालय विश्वव्यापी रूप से संवेदनशील और सक्रिय रहे हैं।'' मोदी ने कहा कि इससे पहले कई देशों में लोगों को कांसुलर सुविधाओं तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी तथा उन्हें मदद के लिए कई दिनों तक इंतजार करना पड़ा। उन्होंने कहा, ''अब इन समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। पिछले दो वर्षों में 14 दूतावास और वाणिज्य दूतावास खोले गए हैं। ओसीआई कार्ड का दायरा भी बढ़ाया जा रहा है। इसे मॉरीशस की 7वीं पीढ़ी के पीआईओ तक बढ़ा दिया गया है...।'' उन्होंने कहा कि भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां के समाज के साथ जुड़ जाते हैं और वहां के नियम और परंपरा का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा, ''हम पूरी ईमानदारी से उस देश की, उस समाज की सेवा करते हैं। इन सबके साथ ही हमारे दिल में भारत भी धड़कता रहता है।''

# वायु प्रदूषण का समाधान क्या है या फिर हर वर्ष धुआं ही देखने को मिलेगा: उच्च न्यायालय



**मुंबई :** बम्बई उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को इस बात पर हैरानी जताई कि क्या शहर में वायु प्रदूषण का कोई हल निकलेगा या फिर हर वर्ष दिवाली के बाद नागरिकों को धुएं का सामना करना पड़ेगा। अदालत ने यह भी सुझाव दिया कि बेकरियों को लकड़ी व कोयले के इस्तेमाल पर रोक लगानी चाहिए। इसने कहा कि सीए-नजी व इलेक्ट्रिक कारों के इस्तेमाल पर जोर दिया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी की खंडपीठ ने कहा हालांकि सभी अधिकारी मुंबई के बिगड़ते वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के पीछे की समस्याओं और कारणों से मोटे तौर पर अवगत हैं लेकिन समाधान व उठाए जाने वाले कदम को तुरंत अमल में लाये जाने की जरूरत है। पीठ ने 2023 में शहर और राज्य में खराब वायु गुणवत्ता पर स्वतः संज्ञान लिया था। अदालत ने बृहस्पतिवार को कहा, हर वर्ष दिवाली के बाद स्थिति एक जैसी होती है। ऐसी स्थितियों में समाधान क्या है? यह सब हर वर्ष दिवाली के बाद शुरू होता है। मोटे तौर पर हम समस्याओं और कारणों को जानते हैं... तो अब समाधान क्या है? क्या हम हर वर्ष पूरे मुंबई में यह धुआं देखते रहेंगे? कुछ दिन तो दृश्यता बहुत कम होती है। ''पीठ ने कहा कि 2023 में अदालत ने दिवाली के त्यौहार पर प्रतिदिन केवल कुछ घंटों के लिए पटाखे फोड़ने की अनुमति दी थी लेकिन निर्देश का बिल्कुल भी पालन नहीं किया गया। अदालत ने कहा, हमने देखा कि हमारे आदेशों के बावजूद लोग देर रात एक बजे तक पटाखे फोड़ते रहे। कार्यान्वयन एजेंसियों ने हमारे आदेशों का बिल्कुल भी पालन नहीं किया। अदालत ने कहा कि यह देखकर दुख हुआ कि अधिकारियों द्वारा कोई सक्रिय कदम नहीं उठाया गया। पीठ ने कहा, जब अदालत आदेश पारित करती है तभी कुछ किया जाता है। हर कोई प्रभावित होता है। आपको (अधिकारियों को) स्पष्ट रूप से अधिक कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। प्रदूषण का स्तर कब कम होगा? जब तक कुछ कठोर कदम नहीं उठाए जाते, तब तक स्थिति नियंत्रण में नहीं आएगी।

## पत्रकार की निर्मम हत्या से उपजे सवाल

छत्तीसगढ़ के माओवादी हिंसा से ग्रस्त बस्तर के इलाके में पत्रकारिता करना तलवार की धार पर चलने जैसा ही है क्योंकि उन्हें न केवल माओवादियों व पुलिस प्रशासन के कोप का भाजन बनना पड़ता है, बल्कि अपराधी राजनेताओं व ठेकेदारों की हिंसा का भी शिकार होना पड़ता है। इसी कड़ी में टीवी पत्रकार मुकेश चंद्राकर की क्रूरता से हत्या करने और शव को सेप्टिक टैंक में डालने की वीभत्स घटना सामने आई। हत्या की वजह मुकेश द्वारा माओवादी इलाके में एक सड़क निर्माण में धांधली उजागर करना बताया गया है। खबर बीते साल दिल्ली के एक बड़े चैनल से प्रसारित हुई थी, जिसके बाद राज्य सरकार ने इस मामले में जांच बैठाई थी। मुकेश की हत्या नये साल के पहले दिन की गई और तीन जनवरी को ठेकेदार द्वारा बनाये घरों के पुराने सेप्टिक टैंक से मुकेश का शव बरामद किया गया। बाद में मुख्य आरोपी सुरेश चंद्राकर को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया। दरअसल, ठेकेदार से राजनेता बने सुरेश चंद्राकर कांग्रेस के एक प्रकोष्ठ में राज्य स्तरीय पदाधिकारी रहे हैं। कहते हैं कि पिछले महाराष्ट्र चुनाव में वे एक विधानसभा के पर्यवेक्षक भी रहे हैं। जिसके चलते इस मुद्दे पर जमकर राजनीति हुई। एक ओर बीजेपी ने हत्यारे पर कांग्रेस पार्टी से जुड़े होने का आरोप लगाया तो कांग्रेस ने राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया। इस मुद्दे पर दोनों तरफ से खूब बयानबाजी हुई। लेकिन इसके बावजूद एक हकीकत यह है कि पत्रकारों को केवल माओवादियों व सुरक्षाबलों के गुस्से का ही शिकार नहीं होना पड़ता, उन्हें ठेकेदारों, राजनेताओं व अन्य अपराधी तत्वों की हिंसा का भी शिकार होना पड़ता है। उन्हें निर्भीक पत्रकारिता की कीमत जान देकर चुकानी पड़ती है। कहने को तो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कह रहे हैं कि वे स्थिति से परिचित हैं और पत्रकारों के साथ खड़े हैं। लेकिन व्यवहार में पत्रकारों की सुरक्षा राम भरोसे ही है।

उल्लेखनीय है कि ठेकेदार की क्रूरता का शिकार हुए मुकेश को पहले माओवादियों ने पुलिस- सरकार का आदमी बताकर धमकाया था। परिजनों का आरोप है कि माओवादियों की धमकी भरी चिट्ठी से पहले सुरक्षा बलों ने मुकेश समेत कुछ अन्य पत्रकारों पर बंदूक तानकर धमकाया था। जिसकी रिपोर्ट भी मुकेश ने बनायी थी। इससे कुछ माह पूर्व बीजापुर के एसडीएम ने मुकेश समेत कुछ पत्रकारों को माओवादी हिंसा की खबर प्रकाशित करने पर नोटिस देकर जवाब मांगा था। वहीं बीजापुर में कांग्रेस अध्यक्ष ने खबरों में पक्षपात के आरोप लगाकर मुकेश समेत कुछ पत्रकारों का बहिष्कार पत्र जारी किया था। घटनाक्रम का दुखद पहलू यह है कि मुकेश की हत्या माओवादियों, सुरक्षा बल या किसी राजनीतिक दल ने नहीं बल्कि एक ऐसे भ्रष्ट ठेकेदार ने की है, जो मुकेश का रिश्तेदार भी था। निश्चय ही यह घटना अन्य पत्रकारों के लिये लगातार असुरक्षित होते हालात की तरफ भी इशारा करती है। कुछ साल पहले बीजापुर में पत्रकार साईं रेड्डी की हत्या कर दी गई थी। जिसे पहले पुलिस ने छत्तीसगढ़ जन सुरक्षा कानून में जेल भेज दिया था और बाद में माओवादियों ने उसकी हत्या कर दी थी। बाद में पत्रकारों के आंदोलन के बाद माओवादियों ने खेद जताया कि यह शीर्ष नेतृत्व का फैसला नहीं था। निचले कैडर की लापरवाही से उनकी हत्या हुई। इससे पहले माओवादियों ने उन पर पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाकर उनके घर तक को बम से उड़ा दिया था। दरअसल, मुकेश चंद्राकर एक निर्भीक पत्रकार थे। वे न केवल एनडीटीवी के लिये काम करते थे बल्कि यू ट्यूब पर 'बस्तर जंक्शन' के नाम से एक लोकप्रिय चैनल भी चलाते थे। जिसमें वे बस्तर की दबी-छिपी खबरों को प्रसारित करते रहते थे। उल्लेखनीय है कि सुकमा के पत्रकार नेमीचंद की भी माओवादियों ने पुलिस की मदद करने वाला बताकर हत्या कर दी थी। बहरहाल, बस्तर के पत्रकार चौतरफा हमलों के निशाने पर हैं जबकि उनके संस्थानों से उन्हें पर्याप्त पैसा व सुरक्षा तक नहीं मिलती। माओवादियों, पुलिस व प्रशासन के नजले का शिकार होते पत्रकारों की सुरक्षा के लिये बना कानून भी निष्प्रभावी नजर आ रहा है। अब राज्य सरकार विधानसभा में पत्रकार सुरक्षा कानून पेश करने की बात कर रही है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 10 जनवरी, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, पौष शुक्लपक्ष एकादशी, 10:20 तक, नक्षत्र : कृत्तिका, 13:45 तक, योग : शुभा, 14:29 तक, सूर्योदय: 6:19, सूर्यास्त: 17:10 चन्द्रोदय : 13:36, चन्द्रास्त: 02:36, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 10:23 से 11:44

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपके बढ़ते खर्च आपकी चिंताओं को बढ़ाएंगे। आपको मानसिक तनाव बना रहेगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। जो लोग सिंगल हैं, वह अपने प्यार को परिवार के सदस्यों से मिलवा सकते हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर थोड़ी सावधानी बरतें और किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें। आपकी इनकम बढ़ने से खुशी होगी।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपके अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। संतान से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपके घर किसी परिजन के आने से खुशियां बनी रहेगी।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आप मेहनत और लगन से काम करेंगे। आपके कामों में सहजता बनी रहेगी।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर रहेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए खर्चो से भरा रहने वाला है। आप अपनी शौक मौज की चीजों को पूरा करने में काफी धन खर्च करेंगे। भौतिक सुख-सुविधाओं में भी आपकी काफी रुचि रहेगी।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई स्कॉलरशिप मिल सकती है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। यदि आपको कोई पारिवारिक समस्या चल रही है, तो आप उसका मिल बैठकर निदान करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

# आस्था अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाती है, प्रयागराज इसका उदाहरण है: मुख्यमंत्री आदित्यनाथ



**महाकुम्भ नगर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में विपक्षी दलों की पूर्व सरकारों पर आस्था का सम्मान नहीं करने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि प्रयागराज इस बात का उदाहरण बनेगा कि आस्था कैसे अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाती है। मुख्यमंत्री ने यहां डिजिटल मीडिया सेंटर का लोकार्पण करने के बाद पत्रकारों से कहा कि महाकुम्भ 2025 अब तक के सभी कुम्भ पर्वों से अधिक दिव्य और भव्य होगा। उन्होंने कहा, 'इस महाकुम्भ में आस्था एवं आधुनिकता का समागम होगा और यह समागम इसका उदाहरण भी बनेगा कि यह प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कैसे खुशहाली ला सकता है।' मुख्यमंत्री ने कहा, '2017 से पहले की सरकारों ने आस्था का सम्मान नहीं किया। हमने आस्था का सम्मान किया और आस्था कैसे अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाती है, प्रयागराज इसका उदाहरण बनने जा रहा है।' उन्होंने कहा कि अकेले प्रयागराज महाकुम्भ से अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपए की वृद्धि होने का अनुमान है और यह प्रयागराज के साथ-साथ पूरे देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ सांस्कृतिक एकता का ऐसा महायज्ञ है जो पूर्व से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक, ना केवल भारत को बल्कि सम्पूर्ण विश्व को एक नीड़ (घोंसले) में लाकर स्थापित कर देता है। उन्होंने देशभर के पत्रकारों से अपनी रिपोर्टिंग के माध्यम से इस महा आयोजन को एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आधुनिक महासमागम के रूप में प्रस्तुत करने की अपील की ताकि ना केवल प्रयागराज बल्कि उत्तर प्रदेश को दुनिया के बेहतरीन स्थल के रूप में स्थापित किया जा सके। आदित्यनाथ ने कहा, 'श्रद्धालु वर्षों से पक्के घाट की प्रतीक्षा कर रहे थे। इस बार 12 किलोमीटर पक्के घाट बनाकर इस चिरप्रतीक्षित कार्य को पूरा कर दिया गया है।'

## ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाकुंभ में पहुंचे



**महाकुम्भ नगर :** संगम तीरे बसे महाकुम्भ नगर में अखाड़ों के भव्य प्रवेश के बाद बृहस्पतिवार को ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के आगमन पर बहुप्रतीक्षित धार्मिक यात्रा निकाली गई। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कुंभ क्षेत्र में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के आगमन की खुशी एक भव्य यात्रा के साथ मनायी गई जिसमें हजारों संत और साधु शामिल हुए। यह महाकुंभ के एक महत्वपूर्ण चरण की शुरुआत है, जब चारों पीठों के शंकराचार्य संगम की पवित्र भूमि में प्रवेश कर रहे हैं। इस भव्य यात्रा ने भारत की सांस्कृतिक विरासत की विविधता और समृद्धि को भी प्रदर्शित किया। स्थानीय नागरिकों ने शहर भर में 108 स्थानों पर पुष्प वर्षा करते हुए यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं ताकि प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित किया जा सके।

### अखिलेश यादव के चाचा राजपाल सिंह का निधन

**इटावा (उप्र) :** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के चाचा राजपाल सिंह यादव का लंबी बीमारी के बाद बृहस्पतिवार तड़के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। यह जानकारी सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने दी। रामगोपाल ने 'एक्स' पर कहा, ''मैं अत्यंत दुख के साथ ये सूचित कर रहा हूं कि मेरे अनुज राजपाल सिंह का आज सुबह चार बजे मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम में असामयिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार मेरे पैतृक गांव सैफ़ई में आज दोपहर बाद किया जाएगा। प्रभु उनकी आत्मा को शांति दे और उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दे। ओम शांति!''

### पटना में पीएमसीएच छात्रावास से 500 रुपये के जले हुए नोटों के कई बंडल, परीक्षाओं के प्रवेश पत्र मिले

**पटना :** बिहार पुलिस ने पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (पीएमसीएच) के चाणक्य छात्रावास से बृहस्पतिवार को 500 रुपये के जले हुए नोटों के कई बंडल, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रवेशपत्र और 'ओएमआर शीट' बरामद किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि यह बरामदगी चाणक्य छात्रावास के एक कमरे से की गई और इस कमरे पर पीएमसीएच के छात्र अजय कुमार ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। मंगलवार देर रात पीएमसीएच के चाणक्य छात्रावास के एक कमरे में मामूली आग लग गई थी जिसपर तुरंत काबू पा लिया गया। पुलिस के अनुसार अस्पताल प्रशासन को मलबा हटाते समय जब एक बैग से 500 रुपये के नोटों के जले हुए बंडल मिले तब उसने थाने को इसकी सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार जांच के दौरान 500 रुपये के नोटों के जले हुए कई बंडल (करीब 2.75 लाख रुपये), विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के कई छात्रों के प्रवेश पत्र कार्ड, ओएमआर शीट, कई अन्य प्रवेश पत्र आदि बरामद किए गए। पुलिस का कहना है कि अस्पताल प्रशासन ने बताया कि कमरे में पीएमसीएच का छात्र अजय कुमार अवैध रूप से रह रहा है, जो समस्तीपुर का रहने वाला है। वह फरार है। इस सिलसिले में पीएमसीएच के प्राचार्य की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पीरबहोर के थानाध्यक्ष अब्दुल हलीम ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मामले की जांच जारी है।

## बिहार में राजग के सभी घटक दल मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगे: चिराग



**पटना :** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बृहस्पतिवार को कहा कि एक साल से भी कम समय में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सभी घटक दल एक साथ 'मिलकर' लड़ेंगे। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष पासवान पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। पत्रकारों ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए आये इस प्रस्ताव के बारे में पूछा कि 'हमारे दरवाजे (नीतीश के लिए) खुले हैं। हाजीपुर के सांसद पासवान ने कहा, कुछ लोग राजग में दरार पैदा करने का सपना देख रहे हैं। लेकिन ऐसा होने वाला नहीं है। राजग का कोई भी सहयोगी विपक्षी गठबंधन के साथ नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा, बिहार में राजग के सभी पांच सहयोगी दल विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ेंगे और (243 सदस्यीय बिहार विधानसभा की) 225 से अधिक सीट जीतेंगे। गौरतलब है कि बिहार में राजग में मुख्यमंत्री की पार्टी जनतादल यूनाइटेड (जदयू), भाजपा, लोजपा(रा0 वि0), केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा का राष्ट्रीय लोक मोर्चा शामिल हैं। पिछले महीने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जब एक निजी समाचार चैनल के साथ एक साक्षात्कार के दौरान जब यह पूछा गया कि क्या राजग बिहार में महाराष्ट्र जैसी रणनीति अपनाएगा जहां वह मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार घोषित किए बिना चुनाव में उतरा और भारी जीत हासिल की तब पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने जवाब दिया था, हम एक साथ बैठेंगे और इस मुद्दे पर निर्णय लेंगे।

## महाकुंभ में होंगे दस डिजिटल 'खोया-पाया केंद्र'; मिलेगी सारी जानकारी

**महाकुम्भ नगर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश पुलिस ने लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए महाकुंभ मेला क्षेत्र में दस अत्याधुनिक डिजिटल 'खोया-पाया केंद्र' स्थापित किए हैं। अधिकारियों ने यहां बताया कि इन केंद्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है, जिसमें श्रद्धालुओं को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए प्रतीक्षा कक्ष और चिकित्सा कक्ष शामिल हैं। परिवारों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं और बच्चों के लिए अलग से जलपान क्षेत्र की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सभी केंद्रों में 55 इंच का एलईडी स्क्रीन लगाया गया है। इसे लाउडस्पीकर से जोड़ा गया है। इससे खोया-पाया सामान और व्यक्तियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इतना ही नहीं इन केंद्रों पर महाकुम्भ से संबंधित घाटों और मार्गों के बारे में सारी व्यवस्थाओं की भी सूचना श्रद्धालुओं के साथ साझा की जाएगी। अपर महानिदेशक (एडीजी) जोन भानु भास्कर ने बताया कि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन और स्नान आदि की सुरक्षित व्यवस्था की जा रही है। श्रद्धालुओं की सहायता, सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 10 कंप्यूटराइज्ड खोया-पाया केंद्र स्थापित किए गए हैं। संगम वापसी मार्ग के पश्चिमी छोर पर स्थित मुख्य मॉडल केंद्र में सामान्य दिनों में पांच कर्मचारी और स्नान पर्व के दौरान नौ कर्मचारी तैनात रहेंगे।

## राजस्थान सरकार में कई 'सत्ता केंद्र' होने से पिस रही है आम जनता: पायलट



**जयपुर :** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने बृहस्पतिवार को कहा कि राजस्थान की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में अनेक 'सत्ता केंद्र' होने से आम जनता पिस रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के मंत्रियों और खुद सरकार द्वारा दिए गए बयानों में अंतर है। पायलट ने यहां संवाददाताओं से कहा, इस सरकार में सत्ता के कई केंद्र बन चुके हैं। मंत्री कुछ कहते हैं, सरकार कुछ और कहती है एवं इनके बीच में जनता पिस रही है। उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा-2021 के मुद्दे पर पायलट ने कहा कि सरकार पूरी तरह से भ्रमित है क्योंकि उसके मंत्री कहते हैं कि वे परीक्षा रद्द करवाएंगे जबकि सरकार कहती है कि वह रद्द नहीं कर सकती है। पायलट ने कहा कि सरकार में जो गतिरोध है उसका परिणाम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार द्वारा अपने कार्यकाल के पहले साल में लिए गए निर्णयों से जनता में आक्रोश है।

## उत्तर प्रदेश में12,35,700 निराश्रित गौवंश मवेशी सुरक्षित रखे गये हैं: सरकार

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीतलहर को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने गौवंश संरक्षण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि किसी भी गौवंश मवेशियों की ठंड के कारण मृत्यु न हो। इसके लिए प्रदेशभर के गौ आश्रय स्थलों पर तिरपाल, अलाव, चारा, पानी और अन्य आवश्यक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। सरकार द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि प्रदेश में 7,696 गौ आश्रय स्थलों पर 12,35,700 निराश्रित गौवंश मवेशी सुरक्षित रखे गये हैं। पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे नियमित रूप से गौ आश्रय स्थलों का दौरा करें और वहां गौवंश के उत्तम स्वास्थ्य, चिकित्सा, औषधि और देखभाल सुनिश्चित करें। बयान के अनुसार साथ ही हर गौ आश्रय स्थल पर कार्यरत प्रभारी को रात में वहीं रुकने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी गौ आश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि चारा, भूसा, पानी, प्रकाश आदि की कोई कमी ना हो। इसके अलावा, गौ संरक्षण केंद्रों की स्थापना का कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा करने पर जोर दिया गया है ताकि निराश्रित गौवंश को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके। सरकार ने ग्राम्य विकास विभाग और अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि वे समन्वय बनाकर गौ संरक्षण के कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करें। चारागाह भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने और मनरेगा के माध्यम से बहुवर्षीय और मौसमी चारे की बुआई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है।

# अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के लिए तैयारियां जोरों पर



**अयोध्या (उप्र) :** अयोध्या में राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। यह समारोह 11 से 13 जनवरी तक आयोजित होगा जिसमें आम लोगों को भी शामिल किया जाएगा। पिछले साल इस ऐतिहासिक समारोह में आम लोग शामिल नहीं हो पाए थे। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे और राम लला का अभिषेक करेंगे। बयान में कहा गया, 'राम लला प्रतिष्ठा द्वादशी के प्रथम दिन पितांबरी धारण करेंगे जिसे दिल्ली में तैयार किया जा रहा है। इसकी बुनाई और एंब्रायडरी सोने और चांदी के धागों से की जा रही है। यह 10 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी जिसे 11 जनवरी को राम लला पहनेंगे और 11 जनवरी को दर्शन देंगे।' बयान के अनुसार यह समारोह राम लला के अभिषेक के साथ प्रारंभ होगा। राम लला के अभिषेक और पूजा की प्रक्रिया सुबह 10 बजे प्रारंभ होगी। प्राण प्रतिष्ठा में जिस प्रकार अभिषेक किया गया था, उसी तरह, प्रतिष्ठा द्वादशी को राम लला का पंचामृत, सरयू नदी के जल आदि से अभिषेक किया जाएगा। अभिषेक पूजा के बाद दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर राम लला की आरती उतारी जाएगी। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार अंगद टीला स्थल पर एक 'जर्मन हैंगर टेंट' लगाया गया है, जिसमें 5,000 लोगों तक की मेजबानी की जा सकती है। आम लोगों को भव्य कार्यक्रमों को देखने का अवसर मिलेगा, जिसमें मंडप और यज्ञशाला में प्रतिदिन आयोजित होने वाले शास्त्रीय सांस्कृतिक प्रदर्शन, अनुष्ठान और राम कथा प्रवचन शामिल हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा, ट्रस्ट ने आम लोगों को आमंत्रित करने का फैसला किया है जो पिछले साल अभिषेक समारोह में शामिल नहीं हो सके थे। उन्हें अंगद टीला में तीनों दिनों के कार्यक्रमों में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। ट्रस्ट ने कहा कि 110 वीआईपी सहित मेहमानों को निमंत्रण पत्र वितरित किए गए हैं।

### बिहार: लखीसराय में ट्रेन की चपेट में आने से तीन महिलाओं की मौत

**लखीसराय :** बिहार के लखीसराय जिले में किउल-झाझा रेल खंड पर कुंदर हॉल्ट के पास बृहस्पतिवार को तीन महिलाओं की एक एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेल पुलिस अधीक्षक (जमालपुर) रमन चौधरी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, यह घटना उस समय हुई जब तीन महिलाएं एक लोकल ट्रेन से उतरने के बाद कुंदर हॉल्ट के पास ट्रैक पार कर रही थीं। वे विपरीत दिशा से आ रही बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर एक्सप्रेस (22465) के नीचे आ गईं। स्थानीय लोगों ने बताया कि तीनों सगी बहनें थीं। उनके अनुसार मृतकों की पहचान संसार देवी (45), चंपा देवी (42) और राधा देवी (35) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है।

## वर्ग पहेली नं. 2971

**बायें से दायें:-** 1) हाँ; गुणयुक्त; भला, 2) ईश्वर, 4) मनगढंत; झूठ, 6) रिहा; आज़ाद; छूटा; पाशहीन, 7) बिछुड़ने का दुख, 8) चुपड़ना *(लोशन)*; रोपना *(पौधा)*; नत्थी करना, 9) भुजंगभोजी नकुल, 11) शरीररोम; शिशु, 12) भूखापन, 14) रात, 16) अफ़वाह, 18) मृत्यु, 19) क्यारी; छोटा बगीचा, 21) प्रलंबित करना; टाँगना, 22) एक वाद्य, 23) कसौटी, 24) आप और मैं; मैं का बहुवचन, 26) नास्तिकता-वाद, 28) ख़्वानचा; भोजनठेला, 29) संपादन; *सैंसरशिप*; कटाई छँटाई.

**ऊपर से नीचे:-** 1) आसपास, 2) उपासक, 3) आसपास की परिस्थिति; पर्यावरण, 4) एक नृत्यप्रकार, 5) मल्ल, 6) आमदनी; कमाई, 10) शर्म, 13) दिवास्वप्न; महत्त्वाकांक्षा; मन्नत; लालसा, 15) कमीना-पन, 17) धराशायिता; चित स्थिति; 20) अंगलेप; *औइंट-मैंट*, 22) नानकपंथी, 23) ध्वज, 25) शिकार के लिए ऊँचा मंच *(जंगल में)*, 26) वैकल्पिक; कोई और, 27) सास, 28) दुर्गुण; बुराई.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ■ | आ | धा | ■ | रा | म | दू | त | ■ |
| भि | ■ | न | र | मा | ह | ट | ■ | था | प |
| म | क्ख | न | ■ | ल | ■ | क | श | ■ | रि |
| न्यू | ■ | फ़ा | य | दा | ■ | ना | रा | य | ण |
| ■ | फ | न | ■ | र | त | ■ | र | ■ | य |
| य | क्री | न | न | ■ | ब | द | त | र | ■ |
| ती | र | ■ | क् | ■ | का | म | ■ | बी | ता |
| ■ | ■ | का | ली | न | ■ | न | मी | ■ | ला |
| ब | द | बू | ■ | या | नी | ■ | न | क़ा | ब |

## सुडोकू-पहेली-2931

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 8 | | | | | 4 | |
| | | | 6 | | | 3 | | |
| | | | 2 | | | | | |
| 5 | | 6 | | | | 2 | | |
| 3 | | | | 8 | | | | |
| | | | | 1 | | | | |
| | 1 | | | | | | 8 | 7 |
| 2 | | | 3 | | | | | |
| | | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2930 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 3 | 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 4 | 5 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 |
| 5 | 4 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 | 6 |
| 6 | 2 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 9 | 4 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 5 | 4 |

# आरजीकर कांड : अधूरी न्याय प्रक्रिया का आरोप, जूनियर डॉक्टर फिर उतरे सड़क पर

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज की छात्रा से दुष्कर्म और हत्या के मामले में 18 जनवरी को सियालदह कोर्ट द्वारा फैसला सुनाया जाएगा। पिछले साल 18 नवंबर से शुरू हुई इस सुनवाई में सिविक वॉलंटियर संजय रॉय को एकमात्र आरोपित माना गया है। लेकिन, पीड़िता के परिवार और जूनियर डॉक्टरों ने जांच पर सवाल उठाए हैं, उनका कहना है कि अपराध में शामिल अन्य आरोपितों को अब तक बचाया जा रहा है। फैसले की तारीख सुनते ही जूनियर डॉक्टरों के एक समूह ने गुरुवार की शाम को रैली निकाली। डॉक्टर



अनिकेत महातो, देवाशीष हलदार और असफाकुल्ला नायर के नेतृत्व में डॉक्टरों ने न्याय प्रक्रिया की आलोचना की। असफाकुल्ला नायर ने कहा कि न्याय का मतलब केवल एक व्यक्ति को सजा देना नहीं है। इस जघन्य अपराध में और भी प्रभावशाली लोग शामिल हैं। उन्हें भी सामने लाया जाए और सजा दी जाए। अनिकेत महातो ने जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि हमने अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग की थी, लेकिन जांच में कई खामियां हैं। सप्लीमेंट्री चार्जशीट कहां है? सीएफएसएल या फॉरेंसिक रिपोर्ट का सही तरीके से अध्ययन क्यों नहीं किया गया ? अधूरी जांच ने हमें मजबूर किया है कि हम फिर सड़कों पर उतरें। सीबीआई ने संजय रॉय को मुख्य आरोपित मानते हुए जांच को आगे बढ़ाया, लेकिन पीड़िता के परिवार समेत कई लोग इससे असंतुष्ट हैं। उनका मानना है कि असली दोषियों को बचाया जा रहा है। सप्लीमेंट्री चार्जशीट से उम्मीद थी कि अन्य आरोपितों के नाम सामने आएंगे, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ। इसी वजह से डॉक्टर और पीड़िता के समर्थक सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं।

## आरजीकर विवाद के बीच मुख्यमंत्री ममता डॉक्टरों के साथ करेंगी संवाद

❑ पश्चिम बंगाल स्टेट ग्रीवांस रिड्रेसल सेल ने संवाददाता सम्मेलन में दी जानकारी
❑ आंदोलनकारी डॉक्टरों को भी किया गया आमंत्रित



**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज के विवाद के बाद राज्य में डॉक्टरों और सरकार के बीच उत्पन्न तनाव को कम करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी डॉक्टरों से संवाद करेंगी। इस संवाद का आयोजन 24 फरवरी को कोलकाता के अलीपुर स्थित धनधान्य प्रेक्षागृह में किया जाएगा। इस बैठक का आयोजन पश्चिम बंगाल स्टेट ग्रीवांस रिड्रेसल सेल की ओर से किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य डॉक्टरों की समस्याओं और सुझावों को सुनना है। पश्चिम बंगाल स्टेट ग्रीवांस रिड्रेसल सेल के चेयरमैन डॉक्टर सौरभ दत्ता ने गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस संवाद के जरिए डॉक्टरों की समस्याओं को समझने और समाधान का रास्ता निकालने की कोशिश करेंगी। इस कार्यक्रम का शीर्षक 'चिकित्सा का दूसरा नाम सेवा' रखा गया है। इस कार्यक्रम में राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रिंसिपल, सुपरिटेंडेंट, शिक्षक, जूनियर डॉक्टर, और मेडिकल छात्र शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, जिला और ब्लॉक स्तर के अस्पतालों के डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी भी इस बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित हैं। खास बात यह है कि आरजीकर मेडिकल कॉलेज के आंदोलनकारी डॉक्टर, जैसे कि डॉक्टर अनिकेत महतो और डॉक्टर देवाशीष हलदार को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। फिलहाल, आंदोलनकारी डॉक्टरों की ओर से इस बैठक में शामिल होने को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। लेकिन इस बैठक को डॉक्टरों और सरकार के बीच संवाद को पुनर्स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## तृणमूल पार्षद की हत्या के आरोप में गिरफ्तार मालदह नगर अध्यक्ष पार्टी से निष्कासित

TRINAMOOL

**मालदह/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को अपने मालदह नगर अध्यक्ष नरेंद्रनाथ तिवारी को पार्टी से निष्कासित कर दिया, जिन्हें पार्टी पार्षद दुलाल सरकार की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया है। तृणमूल के मालदह जिला अध्यक्ष अब्दुल रहीम ने प्रेसवार्ता में नरेंद्रनाथ तिवारी को पार्टी से निष्कासित किए जाने की घोषणा की। कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस के उपाध्यक्ष जयप्रकाश मजूमदार ने कहा कि यह फैसला राज्य नेतृत्व द्वारा जारी निर्देश के अनुरूप है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को गिरफ्तार नरेंद्रनाथ तिवारी को इंग्लिश बाजार नगरपालिका के तृणमूल पार्षद दुलाल सरकार की हत्या में उनके करीबी सहयोगी स्वप्न शर्मा के साथ मुख्य साजिशकर्ता बताया गया था।

## आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर खास संदेश दिया है। उन्होंने लिखा कि आज के बच्चे ही कल का भारत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने सत्ता में आने के बाद कन्याश्री, एक्यश्री, शिक्षाश्री, मेधाश्री, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड और स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप जैसी योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य विशेष रूप से पिछड़े वर्ग के छात्रों को लाभ पहुंचाना है। हमने एक ऐसा माहौल बनाया है जहां हर छात्र अपनी प्रगति के लिए प्रयास कर सकता है।

### 19 जनवरी से उत्तर बंगाल के दौरे पर जा सकती हैं मुख्यमंत्री ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस महीने 19 जनवरी से उत्तर बंगाल के तूफानी दौरे पर जा सकती हैं। राज्य सचिवालय नवान्न के सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारी में उत्तर बंगाल का समस्त जिला प्रशासन जुट गया है। नए साल में ममता का यह पहला उत्तर बंगाल दौरा होगा। मिली जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री 19 जनवरी को मालदह, 20 को बालुरघाट, 21 को रायगंज, 22 को न्यू जलपाईगुड़ी, 23 को सिलीगुड़ी और 24 जनवरी को अलीपुरद्वार के दौरे पर रहेंगी। इन जगहों पर वह कार्यों का जायजा लेने के लिए जिला प्रशासन के साथ प्रशासनिक समीक्षा बैठक भी करेंगी। मुख्यमंत्री के उत्तर बंगाल के प्रस्तावित दौरे से 25 जनवरी को वापस कोलकाता लौटने का कार्यक्रम है।

## बीजीबीएस को लेकर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों से मांगा निवेश संबंधी जानकारी

### 15 जनवरी तक अंतिम तिथि, सिनेमा-पर्यटन को अधिक महत्व

**कोलकाता, समाज्ञा**

विश्व बंगाल बिजनेस शिखर सम्मेलन (बीजीबीएस) राज्य में 5 और 6 फरवरी को शुरू होने वाला है। इसकी तैयारी के लिए बुधवार को नबान्न में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। संबंधित विभागों के सचिवों को 15 जनवरी तक राज्य को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है, जिसमें प्रत्येक विभाग में निवेश की संभावनाओं तथा प्रत्येक क्षेत्र में प्रत्येक विभाग द्वारा हस्ताक्षरित किये जा सकने वाले समझौतों (एमओयू) के प्रकार का विवरण दिया जाएगा। इसके अलावा, दो दिवसीय कार्यक्रम के लिए वक्ताओं और कार्यक्रमों का कार्यक्रम भी तय कर लिया गया है। बुधवार को अमित मित्रा की उपस्थिति में नबान्न में एक बैठक हुई। इस अवसर पर मुख्य सचिव मनोज पंत एवं अन्य विभागों के सचिव उपस्थित थे।

इसके अलावा कई उद्योगपति भी हैं। संबंधित विभागों के सचिवों को राज्य में अब तक प्राप्त सभी निवेश प्रस्तावों की सूची और उनके क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति सरकार को उपलब्ध कराने को कहा गया है। सरकार ने पिछले व्यापार सम्मेलन में एमएसएमई या लघु एवं कुटीर उद्योगों को सबसे आगे रखा था। इस बार सभी प्रकार के उद्योगों पर समग्र रूप से जोर दिया गया है।

हालांकि, पर्यटन और सिनेमा क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इससे पहले स्वास्थ्य, शिक्षा, बड़े उद्योग, विनिर्माण, बिजली, परिवहन, बुनियादी ढांचा, पर्यटन, सिनेमा आदि क्षेत्रों में समितियां गठित की गई थीं। आज की बैठक में उन समितियों से रिपोर्ट प्राप्त हुईं।

## 'सरकार बदलने पर परेशान करने वालों को नहीं मिलेगी राहत'

❑ भवानी भवन पहुंचे पूर्व सांसद अर्जुन सिंह ने दी चेतावनी
❑ सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही



**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता व बैरकपुर के पूर्व सांसद अर्जुन सिंह ने गुरुवार को सीआईडी की पूछताछ से पहले सख्त लहजे में कहा कि झूठे मामलों के बहाने जिन सरकारी अधिकारियों ने उन्हें परेशान किया है, सरकार बदलने पर ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। यह चेतावनी उन्होंने गुरुवार को भवानी भवन के लिए रवाना होने से पहले दी। बता दें कि अर्जुन सिंह पर भाटपाड़ा नगरपालिका के राहत कोष के धन के अवैध उपयोग का आरोप है। इसी सिलसिले में सीआईडी ने उन्हें नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया। इससे पहले भी भाटपाड़ा नगरपालिका के टेंडर से जुड़े वित्तीय अनियमितता के मामले में अर्जुन को बुलाया गया था। इस दिन, भवानी भवन जाने से पहले अर्जुन सिंह ने कहा कि राजनीतिक व्यक्तियों का कभी रिटायरमेंट नहीं होता, लेकिन सरकारी लोगों का होता है। जो लोग झूठे मामलों के जरिए रोजाना मुझे और अन्य लोगों को परेशान कर रहे हैं, सरकार बदलने के बाद उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। भाजपा ऐसे अधिकारियों को सिस्टम में नहीं रखेगी। अर्जुन सिंह ने बार-बार तलब किए जाने और 'परेशान' किए जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रुख करने की भी बात कही। उन्होंने दावा किया कि यह सब राजनीतिक साजिश का हिस्सा है। उल्लेखनीय है कि पहले भी अर्जुन सिंह ने आरोप लगाया था कि उनके खिलाफ हत्या की साजिश रची जा रही है। उन्होंने 'रशियन केमिकल' के इस्तेमाल की बात कही थी। गुरुवार को भी उन्होंने इसी आरोप को दोहराया। अर्जुन ने कहा कि वह अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क हैं और डॉक्टरों की सलाह के अनुसार खास एहतियात बरतते हुए भवानी भवन जा रहे हैं।

## आईएसएफ विधायक ने शौकत मोल्ला पर किया मानहानि का मुकदमा

**कोलकाता, समाज्ञा**

आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी ने तृणमूल विधायक शौकत मोल्ला के विवादित बयान के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। नौशाद ने बैंकशाल की अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत में यह मामला दायर किया। नौशाद के वकील यासीन रहमान ने बताया कि शौकत ने हाल ही में नौशाद को आतंकी कहा था, जो पूरी तरह से आधारहीन और उद्देश्यपूर्ण बयान है।

वकील का कहना है कि यह बयान न केवल नौशाद की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाता है, बल्कि लोकतांत्रिक प्रणाली में विश्वास को भी कमजोर करता है। मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद अदालत ने शिकायत स्वीकार कर ली है। अदालत जल्द ही शौकत मोल्ला को समन भेजेगी। समन मिलने के बाद उन्हें अदालत में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा। आईएसएफ ने इस बयान को पार्टी और उसके समर्थकों की गरिमा पर हमला बताया है। उनका कहना है कि राजनीति में व्यक्तिगत हमले और झूठे आरोप लगाने की प्रवृत्ति को समाप्त करना चाहिए।

❑ **तृणमूल विधायक ने कहा... 'कानूनी रूप से दूंगा जवाब'**

मुकदमे की जानकारी मिलने के बाद, शौकत मोल्ला ने कहा कि मुझे पता चला है कि नौशाद ने मेरे खिलाफ मुकदमा किया है। अदालत जो भी पूछेगी, मैं कानूनी रूप से उसका जवाब दूंगा।

## हाईकोर्ट में अधीर चौधरी की याचिका खारिज, मुख्य न्यायाधीश ने दिया 'शक्तिशाली' का ताना

**कोलकाता, समाज्ञा :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता की बेचैनी बढ़ गई है। अदालत ने अधीर रंजन चौधरी का डीवीसी मामला वापस कर दिया है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अब डीवीसी से पानी छोड़े जाने के संबंध में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद अधीर चौधरी द्वारा दायर मामले की स्वीकार्यता पर सवाल उठाया है। गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायाधीश हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने अधीर चौधरी को मामला वापस लेने को कहा। बाढ़ और मुख्यमंत्री की टिप्पणियों के संबंध में अधीर की जनहित याचिका को व्यावहारिक रूप से बिना किसी आदेश के निपटा दिया गया। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि उन्होंने डीवीसी को लेकर मीडिया में मुख्यमंत्री का बयान सुना। उन्होंने कहा कि यह पानी के बारे में था।' तब मुख्य न्यायाधीश ने अधीर के वकील से कहा कि सबसे पहले, आपको जानकारी सुरक्षित रखनी चाहिए। उन्होंने अखबार के दो पन्नों का हवाला देते हुए मामला दर्ज कराया। वहां कितना पानी संग्रहित है? डी.वी.सी. का पानी कब बंद होता है? पानी छोड़ने की प्रक्रिया क्या है? जानकारी कहां है?' मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आपने पहले भी जनहित याचिका दायर की है। इसे स्वीकार कर लिया है और निर्देश दे दिए हैं। लेकिन इस मामले की स्वीकार्यता पर सवाल हैं। वादी चार बार सांसद रह चुके हैं। प्रांतीय कांग्रेस अध्यक्ष है। वह जानता है कि यह कैसे काम करता है। उन्हें उच्च न्यायालय की मदद की जरूरत नहीं है।

## संसद के शीतकालीन सत्र में बंगाल के सांसदों में कितनों ने पूछे प्रश्न, कई रहे खामोश

### तृणमूल सांसद इस मामले में रहे पीछे

**नई दिल्ली/कोलकाता :** संसद के शीतकालीन सत्र में पश्चिम बंगाल से चुने गए सांसदों ने कैसा प्रदर्शन किया, इस पर नजर डालने से स्पष्ट होता है कि सवाल पूछने में भाजपा के सांसद सबसे आगे रहे। तृणमूल कांग्रेस सांसदों ने भी सवाल उठाए, लेकिन प्रदर्शन के मामले में वह भाजपा से पीछे रहे। 25 नवंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चले इस सत्र में लोकसभा ने 20 और राज्यसभा ने 19 बार बैठक की। आंकड़ों के मुताबिक, बंगाल से राज्यसभा के सांसदों में सबसे ज्यादा सवाल भाजपा के शमीक भट्टाचार्य ने किए, जिनकी संख्या 32 रही। तृणमूल के डेरिक ओ'ब्रायन, साकेत गोखले और नदिमुल हक ने 31-31



सवाल पूछे।

❑ **राज्यसभा में कुछ सांसद रहे पूरी तरह शांत**

तृणमूल के तीन राज्यसभा सांसद सुब्रत बक्सी, ममताबाला ठाकुर और ऋतब्रत बनर्जी ने सत्र के दौरान एक भी सवाल नहीं पूछा। ऋतब्रत ने कहा कि वह 16 दिसंबर को शपथ लेने के बाद केवल पांच दिनों तक सत्र में शामिल हो सके, जिससे उन्हें सवाल पूछने का मौका नहीं मिला।

❑ **लोकसभा में भी भाजपा का प्रदर्शन बेहतर**

लोकसभा में बंगाल के 42 सांसदों में से भाजपा के खगेन मुर्मू ने 24 सवाल पूछे, जबकि तृणमूल के सौगत राय 23 सवालों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। तीसरे स्थान पर 22-22 सवालों के साथ भाजपा के जयंत राय और तृणमूल के कीर्ति आजाद रहे।

❑ **तृणमूल के 15 सांसदों ने नहीं पूछा कोई सवाल**

तृणमूल के 15 लोकसभा सांसदों ने सत्र के दौरान कोई सवाल नहीं पूछा। इनमें वरिष्ठ नेता सुदीप बनर्जी और काकोली घोष दस्तीदार भी शामिल हैं। काकोली ने कहा कि वह अक्सर स्पीकर की कुर्सी संभालती हैं और नए सांसदों को मौका देना चाहती हैं।

## सीमा पर सहयोग के लिए बीएसएफ और बीजीबी ने अनौपचारिक बैठक की

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत-बांग्लादेश सीमा पर कुछ क्षेत्रों में बाड़ लगाने के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के प्रयासों पर बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) की हालिया आपत्तियों के बीच दोनों बलों ने गुरुवार को उत्तर 24 परगना जिले के पेट्रापोल में एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) पर एक अनौपचारिक बैठक की। सीमा पर आपसी सहयोग और समन्वय बढ़ाने के उद्देश्य से पूर्व निर्धारित बैठक में बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के महानिरीक्षक मनिंदर पीएस पवार और बीजीबी के ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद हुमायूं कबीर ने भाग लिया। बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि दोनों बलों के बीच चर्चा में प्रभावी सीमा प्रबंधन, सीमा पर अवैध आवागमन को रोकने के




उपाय, सीमा पार अपराधों से निपटने और क्षेत्र में सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह बैठक इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि बीजीबी ने हाल ही में भारत-बांग्लादेश सीमा पर कुछ क्षेत्रों में सीमा पर बाड़ लगाने के बीएसएफ के प्रयासों पर आपत्ति जताई थी। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की तथा सीमा चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त प्रयास बढ़ाने का संकल्प लिया।

## नदिया में चाय दुकान पर चाकूबाजी में युवक घायल

**कोलकाता, समाज्ञा**

नदिया जिले के कालीगंज थाना अंतर्गत कामारी गांव के स्कूल ग्राउंड इलाके में बुधवार की शाम एक चाय की दुकान में दो गुटों के बीच हुए विवाद के दौरान हुई चाकूबाजी में एक युवक घायल हो गया।

घायल युवक का नाम सूरज शेख है और वह नदिया जिले के जुड़नपुर ग्रामपंचायत के चिचीपुर गांव का निवासी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सूरज शेख अपने दोस्तों के साथ थोड़ी दूर स्थित कामारी स्कूल मैदान में फुटबॉल मैच देखने गया था। खेल के अंत में सूरज फुटबॉल मैदान के पास एक चाय की दुकान पर चाय पी रहा था। तभी, दुकान के सामने दो पक्षों में विवाद हो गया।

इस दौरान हो रहे धक्का-मुक्की से सूरज के हाथ का चाय का कप उसके शरीर पर गिर गया। जब सूरज ने धक्का-मुक्की कर रहे लोगों से हंगामा बंद करने को कहा तो एक शख्स ने अचानक सूरज के पेट के बायीं तरफ चाकू मार कर फरार हो गया। खून से लथपथ सूरज उसके दोस्त पहले स्थानीय कालीगंज ब्लॉक अस्पताल ले गए जहां से उसे पूर्व बर्दवान के कटवा महकमा अस्पताल में रेफर कर दिया गया। सूरज पर चाकू से हमला करने वाले की पहचान नहीं हो सकी है। कालीगंज थाने की पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, सूरज शेख की हालत स्थिर है।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1096-2024-25-आर2, दिनांक 06.01.2025, कार्य का विवरण:** बी.आर. सिंह अस्पताल/सियालदह के मोड्युलर ओटी में 7.5 टीआर x 2 यूनिट एयर-कंडीशनिंग पैकेज यूनिट का 3 वर्षों के लिए वार्षिक रखरखाव संविदा। **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1178-2024-25, दिनांक 06.01.2025, कार्य का विवरण:** घोलसापुर, जेजेसी में अत्यंत क्षतिग्रस्त सनशेड, लिंटेल, बीम इत्यादि की सम्पूर्ण मरम्मत, कलर वाशिंग, पेंटिंग तथा मरम्मत इत्यादि के संबंध में विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,88,502 (क्रमांक 1 लिए) तथा रु. 92,11,550 (क्रमांक 2 लिए); **बयाना राशि:** रु. 5,800 (क्रमांक 1 लिए) तथा रु. 1,84,200 (क्रमांक 2 लिए); **निविदा दस्तावेज की कीमत:** प्रत्येक के लिए शून्य। **समापन अवधि:** 36 महीने (क्रमांक 1 लिए) तथा 12 महीने (क्रमांक 2 लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** प्रत्येक के लिए 28.01.2025 को अपराह्न 2.00 बजे; **निविदा बोली खुलने की तारीख एवं समय:** प्रत्येक के लिए 28.01.2025 को अपराह्न 2.00 बजे। **निविदा बोली शुरू होने की तारीख:** प्रत्येक के लिए 14.01.2025; निविदा सूचना का विवरण एवं समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-312/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 08.01.2025;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं.: टीएन-225-24-25; कार्य का नाम:** सियालदह में: एईएन/वर्क्स/1/सियालदह के क्षेत्राधिकार में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/वर्क्स/स्टेशन/सियालदह के अधीन एनसीसी कोचिंग यार्ड, सियालदह की कैटवॉक सं. 6 का नवीनीकरण। **निविदा मूल्य:** रु. 3,41,81,034.59; **ईएमडी:** रु. 3,20,900; **क्रमांक 2, निविदा सं.: टीएन-229-24-25; कार्य का नाम:** एईएन/डब्ल्यू/1/सियालदह के क्षेत्राधिकार के अधीन एसएसई/वर्क्स/स्टेशन/एसडीएएच के अंतर्गत स्विच गीयर एवं सब स्टेशन बिल्डिंग के अत्यंत पुराने होने के कारण वर्तमान सियालदह यार्ड (पावर हाउस) सब-स्टेशन को स्थानांतरित करने की दिशा में विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,15,53,478.78; **ईएमडी:** रु. 2,07,800; **कार्य समापन अवधि:** 12 महीने (क्रमांक 1 के लिए) तथा 9 महीने (क्रमांक 2 के लिए)। **निविदाओं के बंद होने की तारीख एवं समय:** 04.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदाओं के खुलने की तारीख एवं समय:** 04.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। (SDAH-313/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Notice Inviting e-Tender**

**Ref e-NIT No.: 2025_ZPHD_797668_1 to 14.**

An e-Tender **(Notice: 22, Date: 09.01.2025)** containing forteen number of schemes for sinking and installation work under Kalna-II Panchayat Samity, Purba Bardhaman has been floated amounting to **Rs. 49.00000 lakhs. Fund- 15th CFC (Tied Grant) 2024-25.**

Bid Submission End on: **18.01.2025 at 06:15 PM.**

Log on Gov. Website: **www.wbtenders.gov.in**

Please look for details in the undersigned office notice board.

Sd/-
Executive Officer
Kalna-II Panchayat Samity
Singerkone, Purba Bardhaman

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 72/ईटी/2024-25 दिनांक: 07.01.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 06241140 | सप्लाई ऑफ पीयू पेंटस | 150 सेट | 28.01.2025 |
| 02 | 11251001 | वन कोच सेट ऑफ रुफ फॉर ट्रेन सेट डीटीसी कोचेज | 16 सेट | 28.01.2025 |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 63/ईटी/2024-25 दिनांक: 28.11.2024 | टेंडर न. 05241265 | निविदा खुलने की तिथि 07.01.2025 स्थान पर तिथि 14.01.2025 पढ़ें |

(Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in)

उप. मुख्य सामग्री प्रबंधक/शैल

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर बोगी & व्हील आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई-निविदा सूचना:- एससीएफ/आरबीएल/निविदा/सीएनसी एज मिलिंग मशीन/2024-26/सी648 दिनांक-07.01.2025, आईआरईपीएस के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है:- **कार्य का नाम:-** कार्य के दायरे के अनुसार सीएनसी एज मिलिंग मशीन पर बोगी घटक की मशीनिंग, **कार्य की अनुमानित लागत (₹):-** 34,57,774.25, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):-** शून्य, **अमानत राशि:-** ₹ 69,200.00 (₹ उनहत्तर हजार दो सौ) मात्र।, **कार्य समापन की अवधि:-** जैसा कि अध्याय मात्राओं के बिल में संलग्न है।, **कार्य समापन की अवधि:-** 24 माह • **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय - दिनांक 30.01.2025** को 11:00 बजे। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बोगी & व्हील

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं. एमसीएफ/आरबीएल/टेण्डर/जिंग-4 पर एलडब्ल्यूएसडीडी और अन्य एलएचबी वेरिएंट को अतिरिक्त गतिविधियों के साथ शेल असेंबली/2025-26/सी 550डी दिनांक:- 06.01.2025, आईआरईपीएस के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है- **कार्य का नाम:-** कार्य के दायरे के अनुसार जिंग-4 पर एलडब्ल्यूएसडीडी और अन्य एलएचबी वेरिएंट (एलपीसी, वीपीएस और एसएलआर को छोड़कर) की शेल असेंबली, स्किन टेंशनिंग, स्टेज IV और वेंचरी व्यवस्था के फिटमेंट और वेल्डिंग के साथ एलडब्ल्यूएसडीडी कोचों पर पार्टीशन फ्रेम की फिटमेंट।, **कार्य की अनुमानित लागत (₹):-** 1,28,12,079.51, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):-** शून्य, **अमानत राशि:-** ₹ 2,14,100.00 (₹ दो लाख चौदह हजार एक सौ) मात्र।, **कार्य की मात्रा:-** 350 शैल, **कार्य समापन की अवधि:-** 15 माह। • **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:-** दिनांक 28.01.2025 को 11.00 बजे। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई)**

**माल परिवहन व्यवस्था के विषय से संबंधित पेशेवर अध्ययन सेवा हेतु**

ईओआई सूचना सं.: सी.375/एन्गेजमेंट ऑफ कॉन्सलटेंट/एफएम/2024 दिनांक: 03.01.2025

प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, कोलकाता द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए इच्छुक अनुभवी **लॉजिस्टिक बिजनेस कॉन्सलटेंट** से निर्धारित प्रारूप में इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे में रेल गुणांक वृद्धि के उद्देश्य हेतु, पूर्व रेलवे की सीमाओं के भीतर विभिन्न प्रकार के माल परिवहन के वर्तमान परिमाण मूल्यांकन एवं अगले 10 वर्षों एवं उससे आगे के समय में रेलवे के जरिए परिवहन योग्य मालों के संभावित परिमाण के संबंध में सर्वांगीण लॉजिस्टिक मार्केट अध्ययन के लिए परामर्श सेवाओं की नियुक्ति के लिए सलाहकार का चयन। **ईओआई की उपलब्धता:** इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई) का सम्पूर्ण विवरण आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** पर **दिनांक 10.01.2025 से 31.01.2025 तक** देखा एवं वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। **ईओआई जमा:** दिनांक **15.01.2025 को दोपहर 12.00 बजे** से **31.01.2025 को अपराह्न 3.00 बजे** तक। आवेदन प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, 3 कोयलाघाट स्ट्रीट, कोलकाता-700001 के कार्यालय में इस उद्देश्य के लिए रखी पेटी में बंद होने की तारीख एवं समय के अंदर जमा किया जाना चाहिए। **ईओआई खुलेगी:** प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे के कार्यालय में दिनांक **31.01.2025 को अपराह्न 4.00 बजे**। किसी भी अप्रत्याशित अवकाश अथवा बंद इत्यादि के कारण निर्धारित तारीख एवं समय को कार्यालय के बंद रहने पर इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई) के लिए आवेदन अगले कार्यकारी दिवस को यथावत समय पर स्वीकार किया एवं खोला जाएगा। इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई) का सम्पूर्ण विवरण प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे के कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है। **प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, कोलकाता**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

www.samagya.in
**समाज्ञा**
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL | EDUCATION | OBITUARY
PROPERTY | NAME CHANGE | REMEMBRANCE
RECRUITMENT | PUBLIC NOTICE | DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# वाम शासनकाल में फर्जी एक्सचेंज कार्ड से बने प्राथमिक शिक्षक पर हाईकोर्ट ने मांगी शिक्षा विभाग और सीआईडी की रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने वाम शासनकाल के दौरान 2009 में प्राथमिक स्कूलों में नियुक्त हुए सभी शिक्षकों के रोजगार एक्सचेंज कार्ड की जांच का आदेश दिया है। कोर्ट का कहना है कि कई लोगों ने फर्जी एक्सचेंज कार्ड का इस्तेमाल कर नौकरी हासिल की है। जस्टिस विश्वजीत बसु ने गुरुवार को शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि वे सभी कार्डों की जांच कर 27



जनवरी तक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। हाईकोर्ट ने एक्सचेंज कार्ड घोटाले में सीआईडी से भी प्रगति रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि राज्य की जांच एजेंसी अगली सुनवाई की तारीख तक जांच की स्थिति पर रिपोर्ट जमा करे। उल्लेखनीय है कि साल 2009 में, हजारों उम्मीदवारों ने रोजगार एक्सचेंज कार्ड का उपयोग कर प्राथमिक शिक्षक की नौकरी प्राप्त की थी। आरोप है कि इनमें से कई लोगों ने फर्जी कार्ड का सहारा लिया। जस्टिस बसु ने पहले ही सीआईडी को इस घोटाले की जांच करने का आदेश दिया था। इसके बाद, उत्तर 24 परगना जिले में 26 लोगों की नौकरी रद्द की गई थी। हाईकोर्ट का मानना है कि राज्य के अन्य जिलों में भी इस तरह की फर्जीवाड़ा हो सकता है। इस दिन, हाईकोर्ट ने राज्य के 22 जिलों के प्राथमिक स्कूल काउंसिल को निर्देश दिया कि वे सभी नियुक्तियों के एक्सचेंज कार्ड की जांच करें। उत्तर 24 परगना जिला प्राथमिक स्कूल काउंसिल के वकील सौरभ दास के अनुसार, यदि किसी भी कार्ड में फर्जीवाड़ा पाया जाता है, तो डीपीएससी को कानूनी कार्रवाई करनी होगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि एक्सचेंज कार्ड घोटाले की सभी शिकायतों की गहन जांच सीआईडी करेगी। अगर बड़े स्तर पर घोटाले के संकेत मिलते हैं, तो अदालत आवश्यकतानुसार एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन भी कर सकती है। इस मामले में अगली सुनवाई 27 जनवरी को होगी, जहां शिक्षा विभाग और सीआईडी द्वारा जांच की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

# जेयू वित्तीय संकट से जूझ रहा, शिक्षकों के संघ ने संसाधन जुटाने की मांग की

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के शिक्षकों के प्रतिनिधि निकाय ने गुरुवार को संस्थान के प्रबंधन से कथित चल रहे वित्तीय संकट को दूर करने के लिए संसाधन जुटाने का आग्रह किया और सभी हितधारकों से स्थिति पर ध्यान देने का आह्वान किया। जादवपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (जेयूटीए) ने एक बयान में दावा किया कि विश्वविद्यालय ने 2023-24 वित्तीय वर्ष में गैर-वेतन रखरखाव-संबंधी खर्चों के लिए अपने खजाने से 34.97 करोड़ रुपये खर्च किए। जेयूटीए के सचिव पार्थ प्रतिम रॉय ने कहा कि प्रयोगशाला शिक्षण और अन्य संबद्ध कार्यों के लिए व्यय में 40 प्रतिशत की कटौती के बावजूद इस घाटे को रोका नहीं जा सका। उन्होंने कहा कि यह प्रवृत्ति कई वर्षों से जारी है और वित्त और कार्यकारी समितियों ने तथ्यों को जानने के बावजूद अभी तक इस पर कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि संकट जारी रहा तो विश्वविद्यालय को वित्तीय संस्थानों से पैसा उधार लेना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि संस्थान को इंजीनियरिंग संकाय के पांच विभागों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अपने खजाने से कई करोड़ रुपये खर्च करने पड़े। जेयूटीए ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल उच्च शिक्षा विभाग विश्वविद्यालय की सहायता के लिए आगे नहीं आया है, जबकि यह शिक्षा और उन्नत अनुसंधान में अपने अग्रणी योगदान के लिए देश भर में प्रसिद्ध एक प्रमुख संस्थान के रूप में अपनी प्रतिष्ठा रखता है। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार द्वारा वेतन वितरण में देरी के कारण विश्वविद्यालय को दिसंबर 2024 में अपने संकाय और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के वेतन का भुगतान करने के लिए आंशिक रूप से भुगतान करना पड़ा। जेयूटीए ने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, डिप्टी रजिस्ट्रार, वित्त अधिकारी और लाइब्रेरियन के पदों को तत्काल भरने की भी मांग की।

## जोका में झुग्गी बस्ती में आग से कई झोपडि़यां जलकर खाक

**कोलकाता :** दक्षिण कोलकाता में जोका के पास डायमंड हार्बर रोड के किनारे एक झुग्गी बस्ती में गुरुवार की शाम भीषण आग लग गई, जिसकी चपेट में आकर कई झोपडि़यां जलकर खाक हो गई। दो दमकल गाड़ियों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आग शाम करीब 5.30 बजे लगी। स्थानीय निवासियों ने सबसे पहले झोपड़ी में आग लगी देखी। अग्निशमन विभाग को तुरंत सूचित किया गया। दो दमकल गाडि़यां घटनास्थल पर पहुंची। आग से इलाके में दहशत का माहौल रहा। आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि आग कैसे लगी। कुछ स्थानीय निवासियों का दावा है कि उन्होंने आग के अंदर से कई विस्फोटों की आवाजें सुनीं। ऐसा माना जा रहा है कि गैस सिलेंडर में विस्फोट से आग लगी।

## जेल से रिहा होने को बेताब संदीप घोष का अंगरक्षक अफसर अली, खटखटाया उच्च न्यायालय का दरवाजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के वित्तीय भ्रष्टाचार मामले में अफसर अली जेल से रिहा होने के लिए बेताब हैं। इस बार उन्होंने जमानत याचिका लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने गुरुवार को मामला दर्ज करने की अनुमति मांगी। अदालती सूत्रों के अनुसार, अनुमति दे दी गई है। जमानत याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई हो सकती है। उल्लेखनीय है कि अभया बलात्कार-हत्या मामले की जांच में सीबीआई शामिल हुई। उस समय अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में व्याप्त वित्तीय भ्रष्टाचार का पर्दा भी उजागर हुआ था। ईडी जांच में शामिल हो गया। उस मामले में सीबीआई ने अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घो और उनके अंगरक्षक शेख अफसर अली खान को गिरफ्तार किया था। जांचकर्ताओं का दावा है कि संदीप घोष के अंगरक्षक ने उनकी मदद से व्यवसाय शुरू किया। अफसर आर.जी.कर अस्पताल में अपनी पत्नी के नाम पर कैफे चलाता था। संदीप ने अपने अंगरक्षक को हर तरह की मदद दी। और इस तरह अफसर अली पूरे अस्पताल पर हावी हो गया। आरोप है कि अंगरक्षक मरीज को भर्ती करने की प्रक्रिया में भी शामिल था। हालांकि, कुछ साल पहले, संदीप घोष के सहयोग से, अफसर अली को आर.जी. कर मामले में एक अंगरक्षक से व्यवसायी बन गया। अफसार फिलहाल सीबीआई की हिरासत में है। इस बार उन्होंने जमानत याचिका लेकर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। इस मामले की सुनवाई अगले सप्ताह न्यायाधीश अरिजीत बनर्जी की खंडपीठ द्वारा की जा सकती है।

# हाईकोर्ट ने झाड़ग्राम के डॉक्टर की मौत के मामले पर राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** झाड़ग्राम मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर दीप्र भट्टाचार्य की आत्महत्या पर हाईकोर्ट ने राज्य से रिपोर्ट मांगी है। राज्य सरकार मुख्य न्यायाधीश को सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी थी कि डॉक्टर द्वारा लगाए गए धमकी भरे आरोप एक अन्य मामले से संबंधित थे। यह मामला पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। उन्होंने कहा कि उत्तर बंगाल लॉबी के बारे में एक मामला सुना। वहां भी धमकी की संस्कृति मौजूद थी। राज्य सरकार जांच की प्रगति के बारे में अदालत को सूचित करेगी। राज्य के वकील प्रभन्या बनर्जी ने



कहा कि एसएमएस का एक हिस्सा प्रकाशित किया जा रहा है। लेकिन इसका दूसरा भाग प्रकाशित नहीं हुआ। एक बार मुझे अपने काम को लेकर अपराध बोध हुआ। इसीलिए उसने अपनी पत्नी से कहा कि वह आत्महत्या कर रहा है। इसके बाद, मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम ने सुझाव दिया कि इस मामले में डॉक्टर की पत्नी को भी शामिल किया जाना चाहिए। हो सकता है कि उसके पास कहने को कुछ हो। हालांकि, उसकी पहचान गुप्त रखी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट देखेंगे।वे एफएसएल रिपोर्ट देखने के बाद अगला निर्णय लेंगे। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह में होगी। संयोगवश, डॉक्टर का शव पिछले वर्ष नवंबर में झारग्राम के एक लॉज से बरामद किया गया था। वह अपनी छुट्टियों के बाद लॉज में लौट आया। इसके बाद परिवार के सदस्य उनसे फोन पर संपर्क नहीं कर पाए। बाद में शव बरामद किया गया।

## मालदह में तृणमल पार्षद की हत्या से सबक, आसनसोल में तीन तृणमूल नेताओं को पुलिस सुरक्षा

**बर्दवान :** आसनसोल और आसपास के क्षेत्रों में बालू और भूमि माफियाओं का प्रभाव बढ़ता जा रहा है, जो पुलिस और प्रशासन के लिए लंबे समय से चिंता का विषय बना हुआ है। मालदह में हाल ही में हुए तृणमूल नेता दुलाल सरकार की हत्या के बाद अब आसनसोल में तीन तृणमूल नेताओं को पुलिस सुरक्षा प्रदान की गई है।

पुलिस ने तृणमूल के राज्य कमेटी सदस्य और आसनसोल नगर निगम के पार्षद अशोक रुद्र, पश्चिम बर्दवान जिला परिषद के सह सभाधिपति विष्णुदेव नूनिया और पूर्व बर्दवान जिला परिषद के सदस्य रामकृष्ण घोष को सुरक्षा दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आसनसोल और आसपास के क्षेत्रों में बालू माफियाओं का प्रभाव पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है। पुलिस का कहना है कि कोयला माफियाओं का एक बड़ा हिस्सा अब भूमि और बालू के अवैध व्यवसाय में संलग्न हो गया है।

हाल ही में, मालदह में तृणमूल के सह-अध्यक्ष दुलाल सरकार की हत्या के बाद राज्य प्रशासन ने पूरे क्षेत्र में अवैध बालू और भूमि माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आदेश पर कई माफियाओं की गिरफ्तारी भी की गई है। पुलिस सुरक्षा मिलने पर अशोक रुद्र ने कहा कि 2022 में मेरी सुरक्षा हटा ली गई थी और अब फिर से दी गई है। सुरक्षा हटाने और अब फिर से बहाल करने के पीछे का कारण मुझे नहीं पता।

## ओकाया ईवी ने अपनी नई ब्रांड पहचान ओपीजी मोबिलिटी का किया अनावरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** ओकाया ईवी गर्व से अपनी नई ब्रांड पहचान ओपीजी मोबिलिटी का अनावरण करता है। यह रीब्रांडिंग कंपनी की अत्याधुनिक डिजाइन, भविष्य के लिए तैयार प्रौद्योगिकी, और टिकाऊ, सुरक्षित उत्पादों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह ब्रांड दो उप-ब्रांडों में विभाजित होगा: फेराटो, जो प्रीमियम इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों और स्कूटरों को समर्पित है, और ओटोपीजी, जो यात्री और माल ढुलाई जैसे तीन-पहिया वाहनों पर केंद्रित है। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में, ओपीजी मोबिलिटी अपनी नई ब्रांडिंग के तहत अपना पहला उत्पाद लॉन्च करेगा और अपनी पूरी रेंज के उन्नत इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रदर्शित करेगा। इस रोमांचक विकास पर टिप्पणी करते हुए, ओपीजी मोबिलिटी के प्रबंध निदेशक अंशुल गुप्ता ने कहा, बैटरी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में वर्षों की नेतृत्व क्षमता के बाद, हमें ओकाया ईवी से ओपीजी मोबिलिटी में रूपांतरित होने पर बेहद खुशी हो रही है, जो एक संपूर्ण इलेक्ट्रिक वाहन समाधान प्रदान करने वाला प्रदाता है।

## महिंद्रा ने बीई 6 और एक्सईवी 9ई के शीर्ष वैरिएंट की कीमतों की घोषणा की

**हावड़ा :** महिंद्रा ने अपने अनलिमिटेड इंडिया टेक डे पर अपनी प्रमुख इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी- बीई 6 और एक्सईवी 9ई के टॉप-एंड (पैक थ्री) वेरिएंट की कीमतों की घोषणा की। यह घोषणा 26 नवंबर, 2024 को आयोजित अनलिमिटेड इंडिया इवेंट की सफलता पर आधारित है, जहां बीई 6 और एक्सईवी 9ई का अनावरण किया गया था। महिंद्रा का प्रीमियम तकनीक के लोकतंत्रीकरण का दृष्टिकोण पैक थ्री के साथ केंद्र में है, जो लक्जरी, अत्याधुनिक सुविधाओं और बेजोड़ प्रदर्शन के उच्च अंत का प्रतिनिधित्व करती है। इसमें बीई 6 पैक थ्री की कीमत 26.9 लाख रुपये और ईएमआई 39,224 रुपये से शुरू है, जबकि एक्सईवी 9ई पैक थ्री की कीमत 30.5 लाख रुपये और ईएमआई 45,450 रुपये से शुरू होगी। ग्राहक 7 जनवरी, 2025 से अपनी पसंद के फीचर्स जोड़ सकते हैं, और इन गाड़ियों की चरणबद्ध टेस्ट ड्राइव 14 जनवरी, 2025 से शुरू होगी। दोनों मॉडलों की बुकिंग 14 फरवरी, 2025 से एक साथ शुरू होगी।

## कैनिंग के तृणमूल पंचायत प्रधान को हत्या की धमकी

❑ बंदूक की तस्वीर के साथ भेजा गया ऑडियो संदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग के गोपालपुर ग्राम पंचायत के प्रधान अकचर मंडल को बुधवार की रात एक ऑडियो संदेश के माध्यम से हत्या की धमकी मिली है। ऑडियो संदेश के साथ तृणमूल नेता को एक बंदूक की तस्वीर भी भेजी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, धमकी मिलने पर पंचायत प्रधान घबरा गए और उन्होंने कैनिंग पश्चिम के विधायक परेश राम दास को इस बारे में सूचित किया। अकचर ने कहा कि विधायक उनकी सहमति से आगे का कदम उठाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे इस मामले की कैनिंग थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायेंगे।



गुरुवार सुबह अकचर मंडल कैनिंग थाने आये। उन्होंने आईसी से मिलकर सारी बात बतायी। पुलिस ने मामले जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच कर रही है कि घटना के पीछे किसका हाथ है।

## स्वर्गीय राज कुमारी बैंगाणी का मरणोपरांत नेत्रदान पारिवारिक सहमति से एम.पी. बिड़ला आई बैंक के सहयोग से संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद की शाखा तेरापंथ युवक परिषद साउथ हावड़ा के सहयोग से स्वर्गीय राज कुमारी बैंगाणी का मरणोपरांत नेत्रदान पारिवारिक जनों की सहमति से एम.पी बिड़ला आई बैंक के सहयोग से हुआ। दक्षिण हावड़ा तेयुप के नेत्रदान प्रभारी आदेश चोरडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि स्व. राज कुमारी बैंगाणी धार्मिक एवं सरल व्यक्तित्व की धनी थी। उनका 64 वर्ष की आयु में देहावसान हो गया। राजेश जी बैद, आदेश चोरडिया की प्रेरणा से पारिवारिक जनों ने नेत्रदान जैसे महादान का महनीय कार्य किया है। तेयुप अध्यक्ष गगन दीप बैद ने बताया कि अखिल



भारतीय तेरापंथ युवक परिषद अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश डागा व महामंत्री अमित नाहटा के नेतृत्व में नेत्रदान के क्षेत्र में पूरे भारत और नेपाल में अपनी 353 शाखा परिषदों के सहयोग से नेत्रदान के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करती है, अब तक 2000 से भी ज्यादा लोगों का मृत्युपरांत नेत्रदान करवाया जा चुका है। अभातेयुप नेत्रदान राष्ट्रीय सह प्रभारी सुनील जैन दुगड़ ने बताया कि नेत्रदान में आंखें नहीं बल्कि उनके नीचे कॉर्निया की हल्की सी परत निकाली जाती है जो किसी भी प्रकार शारिरिक ढांचे को प्रभावित नहीं करती। मृत्युपरांत छह घंटे के अंदर नेत्रदान करने वाले को आई बैंक की मदद से संपादित करवाना होता है। नेत्रदान का उपहार, किसी के लिए नई शुरुआत है। तेरापंथ युवक परिषद साउथ हावड़ा की ओर से दिवंगत आत्मा के प्रति हार्दिक श्रद्धांजलि एवं आध्यात्मिक उन्नति की मंगलकामना तथा पारिवारिकजनों को बहुत-बहुत साधुवाद।

# खड़गपुर और आद्रा मंडल के सांसदों ने दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक के साथ की बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर और आद्रा मंडलों की मंडलीय समिति के सांसदों ने गुरुवार को कोलकाता में महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा के साथ बैठक की। इस बैठक में कुल 9 सांसद उपस्थित रहे। इस बैठक की अध्यक्षता सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिन्हा ने की। बैठक में उपस्थित अन्य सांसदों में कालीपद सोरन, जून मालिया, अविमन्यु सेठी, अभिजीत गंगोपाध्याय, चंद्र प्रकाश चौधरी, ज्योतिरमय सिंह महतो, अरूप चक्रवर्ती और दुलू महतो शामिल थे। महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने सभी सांसदों का स्वागत किया और रेलवे को निरंतर सहयोग देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने सांसदों को वर्तमान वित्तीय वर्ष में दपूरे की मालवाहक और यात्री सेव-ाओं के प्रदर्शन के बारे में जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने यात्रियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं और



कार्यों पर प्रकाश डाला।

इस बैठक के दौरान सांसदों ने ट्रेन सेवाओं, स्टॉपेज, स्वच्छता, रेलवे परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने आदि जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिए नई ट्रेन सेवाओं, मौजूदा ट्रेनों के स्टॉपेज, स्टेशन अपग्रेडेशन, समयपालन, सड़क ओवरब्रिज, अंडरपास और यात्री सुविधाओं की मांग की। सांसदों ने रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। महाप्रबंधक ने कहा कि सांसदों के सुझावों पर प्राथमिकता से विचार किया जाएगा। इस बैठक में खड़गपुर के मंडलीय रेलवे प्रबंधक के.आर. चौधरी, आद्रा के मंडलीय रेलवे प्रबंधक सुमित नरूला और दपूरे के प्रधान विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

# मालदह डिवीजन के स्वास्थ्य शिविर में 165 लोगों ने करवायी अपनी जांच

**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह डिवीजन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने रेलवे कर्मचारियों, उनके परिवारों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की भलाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 8 जनवरी 2025 को विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर एक व्यापक बहुद्देश्यीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस पहल का नेतृत्व डॉ. सुरजीत भट्टाचार्य (अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) और डॉ. सुमन लोध (अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/नेत्र विभाग) ने किया, जबकि इसका समन्वयन मालदह की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस), डॉ. अनुपा घोष, के निर्देशन में हुआ। यह स्वास्थ्य अभियान बरहरवा स्टेशन से शुरू होकर बकुड़ी, धामधमिया, तिनपहाड़, कल्याणचौक और तलझरी



तक आयोजित किया गया। इन स्टेशनों पर मेडिकल टीम ने रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों, विशेष रूप से महिलाओं, के साथ बातचीत की और उनके आवासीय क्वार्टरों में स्वास्थ्य जांच की। इस शिविर में कुल 165 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें 11 नए उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) और 8 नए ग्लूकोज टॉलरेंस इंपेयरमेंट के मामले सामने आए। 55 व्यक्तियों के नेत्र परीक्षण में 17 को दृष्टि सुधार के लिए लेंस की आवश्यकता पाई गई, जबकि 3 मामलों में आंखों में खराबी की संभावना जताई गई। इस शिविर के दौरान, डॉक्टरों ने पुरानी बीमारियों की रोकथाम के लिए शुरुआती जांच और दवाओं के नियमित उपयोग के महत्व पर जोर दिया।

# सीडब्ल्यूबीटीए से प्राप्त यह सम्मान हमें और उत्कृष्ट कार्य करने के लिए करता है प्रेरित



सागर नरूला



शिरीष झाझरिया



डॉ बिस्वजीत पांडा



अविनाश झा



बिश्वजीत गुहा



जे एस मेहता



नंदिनी गुप्ता

**कोलकाता, समाज्ञा :** कॉन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेड एसोसिएशन (सीडब्ल्यूबीटीए) द्वारा बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड से व्यापारियों के अद्वितीय कार्यों को सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड व्यापारियों की कठिनाईयों, संघर्षों और उनकी सफलता को सलाम करता है, जो व्यापार जगत में अपने काम से एक नई दिशा प्रदान करते हैं। सीडब्ल्यूबीटीए उत्कृष्टता पुरस्कार न केवल व्यापारियों के कार्यों को मान्यता देता है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ी के व्यापारियों को प्रेरित करने का भी महत्वपूर्ण कार्य करता है। इस पुरस्कार के माध्यम से व्यापारियों की मेहनत और समर्पण को समाज में पहचाना जाता है और उनके कार्यों को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए प्रेरणा मिलती है।

**सीडब्ल्यूबीटीए के बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त विजेता**

❑ **डॉ बिस्वजीत पांडा**

व्हाइटजोन डेंटल क्लीनिक के निदेशक डॉ बिस्वजीत पांडा ने व्हाइटजोन डेंटल के प्रसिद्ध इम्प्लांटोलॉजिस्ट के इस पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए सीडब्ल्यूबीटीए जूरी सदस्यों का धन्यवाद किया। डॉ बिस्वजीत पांडा कहते हैं, सीडब्ल्यूबीटीए हम जैसे युवा उद्यमियों को समाज की और अच्छी सेवा करने का अवसर दे रहा है। वह एक प्रतिष्ठित वरिष्ठ दंत प्रत्यारोपण विशेषज्ञ हैं जो अपने विशेषज्ञों की विशाल टीम के साथ एक दशक से अधिक समय से अभ्यास कर रहे हैं। वह डेंटल लेजर में डिप्लोमेट हैं। उन्होंने सिटी ऑफ जॉय में 10 हजार से अधिक लोगों की मुस्कान डिजाइन की है।

❑ **अविनाश झा**

सीडब्ल्यूबीटीए द्वारा अविनाश झा को इवेंट प्लानर में बेस्ट एक्सीलेंस अवॉर्ड से नवाजा गया। अविनाश झा इस अवॉर्ड के लिए सीडब्ल्यूबीटीए जूरी और सभी सम्मानित सदस्यों का धन्यवाद करता हैं। इस तरह के आयोजन न केवल युवा उद्यमियों के मेहनत की सराहना करती है, बल्कि और अधिक उत्कृष्टता की ओर प्रेरित भी करता है।

❑ **शिरीष झाझरिया**

टेक्नो कमर्शियल कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के शिरीष झाझरिया कहते हैं कि, मैं लगभग 12 वर्षों से इस विद्युत क्षेत्र में काम कर रहा हूं। जब आपको इन सभी वर्षों में की गई कड़ी मेहनत के लिए सराहना मिलती है तो यह अहसास कुछ खास होता है और यह आपको भविष्य में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए और भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है। सीडब्ल्यूबीटीए अवॉर्ड हमारे पश्चिम बंगाल में व्यापार बिरादरी के लिए सर्वोच्च पुरस्कार समारोह में से एक है और व्यापार क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कृत होने का एक बेहतरीन मंच है।

❑ **बिश्वजीत गुहा**

बिश्वजीत गुहा कहते हैं कि मुझे बहुत खुशी हो रही है कि मुझे इस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवॉर्ड से नवाजे जाने के लिए मैं सीडब्ल्यूबीटीए का दिल से आभार व्यक्त करता हूं। मैं उनके सभी सदस्यों का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मुझे इस सम्मान के योग्य समझा। इस पुरस्कार ने मुझे और अधिक मेहनत करने और अपने काम में और बेहतर करने की प्रेरणा दी है। मैं आगे भी उत्कृष्टता की ओर बढ़ता रहूंगा।

❑ **सागर नरूला**

सागर नरूला को ईस्टर्न इंडिया के इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकॉम में बेस्ट एक्सपोर्टर का अवॉर्ड प्राप्त होने पर बेहद गर्व महसूस हो रहा है। वे कहते हैं कि, यह अवॉर्ड मेरे लिए बहुत मायने रखता है और ऐसा लगता है मेरी सालों की मेहनत का फल मिला है। मैं सीडब्ल्यूबीटीए का दिल से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने हमारी मेहनत को पहचाना और सम्मानित किया। यह पुरस्कार मुझे आगे भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचने और अपने कार्य को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करता है।

❑ **जे एस मेहता**

महावीर सेवा सदन के फाउंडर प्रेसिडेंट जे एस मेहता ने सीडब्ल्यूबीटीए का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, उन्होंने हमारे सेवा कार्यों को महत्व देते हुए सराहा और सम्मानित किया। यह एक अच्छी पहल है। यह पहल न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को और अधिक मजबूत बनाती है।


❑ **नंदिनी गुप्ता**

नंदिनी गुप्ता, अपनी कंपनी शुभम कम्युनिकेशन की ओर से लीडिंग व्हाट्सएप मार्केटिंग प्रोवाइडर के लिए सम्मानित होने पर बेहद गर्व महसूस करते हुए कहती हैं कि मैं सीडब्ल्यूबीटीए का दिल से धन्यवाद करती हूं। यह उनकी एक बहुत अच्छी पहल है, जो छोटे व्यवसायियों को पहचान और प्रोत्साहन देती है। मुझे इतने बड़े मंच पर यह अवसर मिलना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। वे हर किसी को समान अवसर प्रदान कर रहे हैं, जो वास्तव में सराहनीय है। यह पुरस्कार हमें और बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है।

# गंगासागर मेला के लिए एनडीआरएफ ने तैनात की पांच टीमें

❑ **तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य प्रशासन के अनुरोध पर की गई है तैनाती**

**कोलकाता, समाज्ञा :** गंगासागर मेला 2025 के दौरान तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए बंगाल में कार्यरत राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरफ) की दूसरी वाहिनी ने अपनी पांच विशेष खोज और बचाव टीमों को तैनात किया है। एनडीआरएफ की दूसरी वाहिनी मुख्यालय द्वारा गुरुवार को एक बयान में इसकी जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि इन टीमों में प्रशिक्षित पुरुष और महिला बचाव कर्मी, विशेष केनिन (डाग-के9) दस्ते, मेडिकल



और कम्युनिकेशन स्टाफ शामिल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि यह तैनाती राज्य प्रशासन के अनुरोध पर की गई है। गंगासागर मेला 10 से 18 जनवरी तक आयोजित होना है। अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ की टीमें मेला क्षेत्र व उससे संलग्न रास्ते में पांच प्रमुख स्थानों मेला ग्राउंड, लाट-8, कचूबेरिया, नामखाना और बैनुबन में रणनीतिक रूप से तैनात की गई हैं। इन स्थानों पर तैनाती का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देना और लाखों तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। टीमें जल आधारित खोज और बचाव, संरचनात्मक ढांचे के ढहने की घटनाओं और संभावित आपात स्थितियों जैसी चुनौतियों को संभालने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों से लैस हैं। इस तैनाती में विशेष केनिन (के9) दस्ते को भी शामिल किया गया है, जो खोज और बचाव अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके साथ ही महिला बचावकर्मियों और मेडिकल फर्स्ट रिस्पान्डर्स की उपस्थिति टीमों की कार्यक्षमता को और अधिक सशक्त बनाती है। दूसरी वाहिनी एनडीआरएफ के कमांडरों ने टीमों की तैयारियों और उत्साह पर विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हमारी टीमें पूरी तरह प्रशिक्षित, प्रेरित और किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। हम प्रशासन के साथ मिलकर काम करने और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## मंत्री फिरहद हाकिम के विवादास्पद बयान पर शुभेंदु अधिकारी ने गिरफ्तारी की मांग की

**हावड़ा, समाज्ञा :** राज्य के मंत्री और कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहद हाकिम ने हाल ही में राज्य में मुस्लिमों की जनसंख्या बढ़ने का इशारा करते हुए एक विवादास्पद बयान दिया। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधानसभासद विपक्षी दल के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एनआईए से उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। गुरुवार शाम हावड़ा के रामराजातला में एक कार्यक्रम में शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि एक मंत्री के तौर पर फिरहद हाकिम कभी भी हमारे समाज को दुर्भाग्यपूर्ण नहीं कह सकते। उन्होंने यह भी कहा कि देश में मुस्लिमों की जनसंख्या 17 प्रतिशत है, वहीं राज्य में यह आंकड़ा 33 प्रतिशत है। उन्होंने मंत्री के उस बयान का भी विरोध किया, जिसमें हाकिम ने जनसंख्या को 50



प्रतिशत तक पहुंचाने का सुझाव दिया था। इस संदर्भ में अधिकारी ने कहा कि उन्हें एनआईए के हाथों गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

इसके अलावा, शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी तंज कसा और कहा पिसी के बिना भाईपो कुछ नहीं, और भाईपो के बिना पिसी शून्य हैं। शुभेंदु ने यह भी दावा किया कि राज्य के एक राज्य मंत्री के आदेश पर मालदह के पुलिस सुपरिंटेंडेंट ने तृणमूल नेता दुलाल सरकार की पुलिस सुरक्षा हटा दी थी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि तृणमूल पार्टी में हर जगह 'तोला-बाजी' चल रहा है।

## हरिनघाटा में सड़क किनारे पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के हरिनघाटा थाना अंतर्गत काष्ठडांगा (2) ग्राम पंचायत के अंतर्गत सातशिमुलिया इलाके में गुरुवार की सुबह को सड़क के किनारे एक आम के पेड़ से लगभग 50 वर्षीय एक व्यक्ति का लटका हुआ शव पाया गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लटके हुए शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। सड़क के किनारे लटकता हुआ शव पाए जाने से इलाके के लोगों में दहशत है। पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। प्राथमिक तौर पर यह माना जा रहा है कि व्यक्ति की हत्या के बाद उसके शव को पेड़ से लटका दिया गया।

## व्हाट्सएप पर निवेश का लालच देकर 52 लाख रुपये की ठगी, दो गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा पुलिस कमिश्नरेट के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने व्हाट्सएप आधारित एक निवेश घोटाले के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला 4 अगस्त 2024 को दर्ज किया गया था, जब मालीपांचघड़ा थानांतर्गत



शिव गोपाल बनर्जी लेन निवासी असित कुमार रॉय (71) ने शिकायत दर्ज कराई कि उन्हें व्हाट्सएप पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा निवेश का लालच देकर धोखा दिया गया। आरोपियों ने पीड़ित को एलटस फड नामक एक एंड्रॉयड ऐप डाउनलोड करने के लिए राजी किया, जिसमें उन्होंने आईपीओ ट्रेडिंग के नाम पर 17 अप्रैल 2024 से 24 मई 2024 के बीच 52.51 लाख रुपये जमा किए। इसके बाद आरोपियों ने संपर्क बंद कर दिया और उनके नंबर बंद पाए गए। पुलिस ने जांच के दौरान उत्तर प्रदेश से दो आरोपियों, मोहित कुच्छल (33) और नितिन सिंघल (40) को गिरफ्तार किया। ये दोनों संदिग्ध अकाउंट ऑपरेटर और लाभार्थी हैं। पुलिस ने मोबाइल फोन और सिम कार्ड जब्त किए हैं। दोनों आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड के बाद हावड़ा सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 10 दिनों की पुलिस रिमांड पर भेजा गया।

## आरपीएफ जवान की तत्परता से बची एक यात्री की जान

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के शालिमार स्टेशन पर ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत एक यात्री की जान बचाई गई। यह घटना शालिमार स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर रात को हुई। मिली जानकारी के अनुसार, 20831 संबलपुर महिमागोशाई एक्सप्रेस ट्रेन जैसे ही चलने लगी, एक 35 वर्षीय पुरुष यात्री ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहा था। ट्रेन के चलने के कारण वह संतुलन बनाए नहीं रख सका और ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गिरने ही वाला था।

यह घटना तुरंत प्लेटफॉर्म पर तैनात आरपीएफ अधिकारी एनसी मोहन की नजरों में आई। उन्होंने तत्परता से दौड़कर यात्री का हाथ



पकड़कर उसे खींचा और उसकी जान बचाई। इसके बाद, उसे सुरक्षित रूप से ट्रेन में चढ़ा दिया गया। यह पूरी घटना प्लेटफॉर्म के सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गयी है। दक्षिण पूर्व रेलवे ने आरपीएफ अधिकारी की त्वरित सोच और कड़ी मेहनत के लिए सराहना की है।

## फर्जी पासपोर्ट मामले में तीन गिरफ्तार, 83 दस्तावेज फर्जी



**हुगली :** चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के विशेष दस्ते ने पासपोर्ट आवेदनों में फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई चंदननगर पुलिस कमिश्नर अमित पी जवालगी के निर्देश पर की गई, जब 83 पासपोर्ट आवेदनों में संलग्न दस्तावेजों की पुनः जांच के दौरान फर्जी पाए गए। इस बात की जानकारी प्रेस बयान में डीसीपी ईशानी पाल ने दी। इस मामले में भद्रेश्वर थाना में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इस प्रकार है। श्रीरामपुर के मोहन साव (47), तारकेश्वर के विश्वजीत घोष (44) और भद्रेश्वर के चांपदानी के मोहम्मद इमरान (36) है। पुलिस के अनुसार, इन गिरफ्तारियों के साथ ही मामले की जांच जारी है। दस्तावेजों की सत्यता की गहन जांच के लिए विशेष टीमों को लगाया गया है।

## फर्जी पासपोर्ट मामले में गिरफ्तार दीपक के खिलाफ लालबाजार ने खटखटाया उच्च न्यायालय का दरवाजा

❑ **अलीपुर कोर्ट ने आरोपी को दी थी सशर्त जमानत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पासपोर्ट धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार दीपक मंडल की जमानत का विरोध करते हुए लालबाजार उच्च न्यायालय में अपील दायर करने जा रही है। कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने पहले चेतावनी दी थी कि इस घटना में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। दरअसल, अलीपुर कोर्ट ने दीपक को जमानत दे दी, जिसे पासपोर्ट धोखाधड़ी मामले में कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था। निचली अदालत ने पिछले सोमवार को सशर्त जमानत दे दी थी। कोलकाता पुलिस निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने जा रही है। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तारी के बाद पुलिस को दिए गए बयान में दीपक ने यह भी बताया कि समरेश को पासपोर्ट पहुंचाने के लिए उसे 3,000 टका मिले थे। पुलिस अब सारी जानकारी को सबूत के तौर पर इस्तेमाल करते हुए हाईकोर्ट जाने वाली है। दीपक मंडल एक अस्थायी डाक कर्मचारी है जिसे 14 दिसंबर को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था। संयोग से, लालबाजार पुलिस ने इस पासपोर्ट मामले में समरेश विश्वास और दीपक मंडल नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया है। तीसरे व्यक्ति तारकनाथ सेन को सोमवार को बशीरहाट से गिरफ्तार किया गया। इन तीनों में से दीपक और तारक डाकघर में अस्थायी कर्मचारी हैं। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के बाद लालबाजार के जासूसों को पता चला कि उनका संबंध फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले गिरोह से है।

## फर्जी पासपोर्ट मामला : पांच पुलिस स्टेशनों के सत्यापन अधिकारी जांच के घेरे में

❑ **लालबाजार ने मांगी लेन-देन का हिसाब**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पासपोर्ट धोखाधड़ी के मामले में अब पांच पुलिस थानों के सत्यापन अधिकारी जांच के दायरे में हैं। जांचकर्ता हिरासत में लिए गए मनोज और अब्दुल से पूछताछ करके रहस्य की जड़ तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। फर्जी पासपोर्ट घोटाले में शामिल सरकारी अधिकारियों ने कितने पैसे का लेन-देन किया? लालबाजार जानने के लिए बेताब है। जैसे-जैसे बांग्लादेश अस्थिर होता जा रहा है, घुसपैठ का डर भी बढ़ता जा रहा है। इस स्थिति में, बड़े पैमाने पर पासपोर्ट धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए कई आरोपियों के ठिकानों का पता लगाया गया। पुलिस इस रहस्य को सुलझाने के लिए बेताब है। जांचकर्ताओं को संदेह था कि पासपोर्ट सेवा केंद्र के कुछ सत्यापनकर्ता और पासपोर्ट प्रदान करने वाले अधिकारी इस धोखाधड़ी के पीछे हो सकते हैं। इसी कारण से, लालबाजार ने पहले एक पत्र लिखकर राज्य के पांच पासपोर्ट सेवा केंद्रों के सत्यापन अधिकारियों और अनुदान अधिकारियों के नामों की सूची मांगी थी। इस बार फोकस दो संभागों के पांच-पांच थानों के सत्यापन अधिकारियों यानी सत्यापन के लिए जिम्मेदार पुलिस कर्मियों पर है।

## हावड़ा में चार दिवसीय फूल मेले का मंत्री अरूप रॉय ने किया शुभारंभ

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा फूल मेला का भव्य आयोजन शुरू हो गया है, जिसमें हजारों प्रजातियों के फूलों की प्रदर्शनी लगाई गई है। यह मेला हावड़ा के विजयानंद पार्क में आयोजित किया गया है। गुरुवार शाम को इस मेले का उद्घाटन मंत्री अरूप रॉय द्वारा किया गया। इस मेले के आयोजन की पहल हावड़ा के पूर्व मेयर परिषद सदस्य श्यामल मित्रा ने की है। इस अवसर पर हावड़ा जिला तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष और विधायक कल्याण घोष, पूर्व मेयर परिषद सदस्य भास्कर भट्टाचार्य, दिब्येंदु मुखर्जी, हावड़ा के उपमुख्य नगर प्रशासक देबांशु दास, जिला परिषद के सह-सभापति अजय भट्टाचार्य, मोहनबागान क्लब के सह-अध्यक्ष असित चटर्जी, और प्रोफेसर सुमन बनर्जी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सात साल से अधिक समय से चुनाव के बिना चल रहा है हावड़ा नगर निगम

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा नगर निगम में पिछले सात वर्षों से चुनाव नहीं हुए हैं। जानकारी के अनुसार, 2018 के बाद से यहां कोई मतदान नहीं हुआ। चुनाव कराने को लेकर अदालत में मामले दर्ज हैं, और हावड़ा नगर निगम ने हाईकोर्ट में जल्द से जल्द चुनाव कराने की मांग की है। हालांकि, राज्य सरकार की ओर से आश्वासन मिलने के बावजूद अब तक कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है। चुनाव के अभाव में, हावड़ा नगर निगम में बाली नगर पालिका को पहले शामिल किया गया, फिर उसे अलग कर दिया गया। इसके बजाय, राज्य सरकार ने वहां शासक दल के प्रतिनिधियों को प्रशासक के रूप में नियुक्त किया, जिससे शासक दल का एकाधिकार स्थापित हो गया। वकीलों ने यह भी संकेत दिया कि इस दौरान वित्तीय




अनियमितताओं की संभावना बढ़ी है। प्रधान न्यायाधीश ने राज्य के एडवोकेट जनरल और अन्य सभी पक्षों को मामले की कॉपी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि अगले सप्ताह इस मामले की सुनवाई होगी। साथ ही, याचिकाकर्ताओं ने अदालत से त्वरित सुनवाई की अपील की है। इससे पहले हाईकोर्ट के निर्देशानुसार, नगर निगम को वित्तीय विवरण प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया था।

## शहर में आज

❑ **ओम ब्यवसायिक संघ :** गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का उद्घाटन, शाम 5 बजे, स्थान- आउट्राम घाट, गेट नं.-1, कोलकाता।

❑ **जय भारत नागरिक सेवा समिति :** गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का उद्घाटन, शाम 5 बजे, स्थान- आउट्राम घाट (निकट पैटन टैंक), कोलकाता।

❑ **मध्य कलकत्ता साहू समाज :** गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का उद्घाटन, दोपहर 3 बजे, स्थान- आउट्राम घाट (मोहन बगान मैदान के पीछे), कोलकाता।

❑ **बिहार सेवा शिविर :** गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का उद्घाटन, शाम 5 बजे, स्थान- आउट्राम घाट, कोलकाता।




**वेस्ट बंगाल यादव समाज के आउट्राम में लगे गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का गुरुवार को भव्य उद्घाटन हुआ। इस मौके पर छपरा जिला के परसा के विधायक छोटे लाल राय, राज्य के मंत्री जावेद खान, पार्षद अनवर खान, संस्था के अध्यक्ष दुर्गा यादव, महासचिव संजय यादव समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। मंच का कुशल संचालन परशुराम राय ने किया।**




**अखिल भारतीय आजमगढ़ सेवा संघ के गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का कोलकाता नगर निगम के एमआईसी ताड़क सिंह ने दौरा किया।**



**प्रान्तीय जायसवाल समाज का आउट्राम में लगे गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का गुरुवार को भव्य उद्घाटन हुआ। शिविर का उद्घाटन बैजनाथ जायसवाल ने किया। इस मौके पर में राजकुमार जायसवाल (मंटू बाबू), दिलीप जायसवाल, हरीशचंद जायसवाल, रामनरेश जायसवाल, लालता प्रसाद जायसवाल, टी.एन. जायसवाल, मनोज जायसवाल, नंदकिशोर जायसवाल, रमेश जायसवाल, संजय गुप्ता, फतेह आलम, महबूब शेख समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। मंच का कुशल संचालन शिविर अध्यक्ष अनिल जायसवाल (साईं) ने किया। इस दौरान, रामनरेश जायसवाल को प्रान्तीय जायसवाल समाज का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।**

## जौनपुर नागरिक संघ के गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का उद्घाटन संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** जौनपुर नागरिक संघ के आउट्राम में लगे गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर का गुरुवार को भव्य उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं दीप प्रज्वलन विशिष्ट समाजसेवी व उद्योगपति पप्पू सिंह एवं रीता मुरारी मुरारका के कर कमलों से सेवा शिविर का उद्घाटन संपन्न हुआ। मंगलाचरण मास्टर आराध्य मिश्र के द्वारा एवं बाबा पाण्डेय के द्वारा स्वास्तिकवाचन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मीकांत तिवारी, पार्षद संतोष पाठक, संजय सिंह, पार्षद राजेश सिन्हा, पार्षद विजय उपाध्याय, पंकज भड़ेच, संतोष शर्मा, शिव सहाय मिश्र, आचार्य माताशंकर पाण्डेय, शिव कुमार विश्वकर्मा, राम प्रवेश चौबे, तारकनाथ जायसवाल, शिव शंकर सिंह, विजय शंकर दुबे, राजेश यादव, मनोज तिवारी, तरुण मिश्र, दिलीप साव, रामनरेश जायसवाल,




रोशन गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह, शंभूनाथ जायसवाल, चयन साहा, मुख्य वक्ता के रूप में तड़कनाथ त्रिवेदी, संजय उपाध्याय व अन्य कई गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के चेयरमैन राम भुआल तिवारी, अध्यक्ष लालमणि मिश्र, कमला शंकर शर्मा, रामजी मिश्र, अशोक यादव, राधेश्याम तिवारी, शिवशंकर गुप्ता, राजेश उपाध्याय, आनंद कुमार पाण्डेय, कृष्ण देव शुक्ला, ओमप्रकाश तिवारी, रमेश चतुर्वेदी, डॉ. शिवशंकर विश्वकर्मा, वेद प्रकाश पाठक, नरेंद्र तिवारी, तीर्थराज गुप्ता, आनंद कुमार पाण्डेय, राजकुमार गुप्ता, अशोक शर्मा, रामनाथ चौबे, अलंकुश उपाध्याय (सूरज), मोहन मिश्र, शैलेश दुबे, डॉ. प्रदीप उपाध्याय, सुशील सिंह, सूबेदार चतुर्वेदी, रितेश मिश्र, भोले मिश्र, राजन साव (टिंकू) एवं संघ के समस्त सदस्यगण सक्रिय रहे। मंच का कुशल संचालन सुरेंद्र प्रसाद दुबे ने किया।

## श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति का गंगासागर मेला 2025 में कैंप का उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति द्वारा सुसज्जित गंगासागर मेला 2025 आउट्रामघाट स्थित, कैंप न. 12 का उद्घाटन विवेक गुप्ता की उपस्थिति में प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति बृजमोहन बेरीवालजी के द्वारा एवं समिति के अध्यक्ष एवं जोड़ासांकों के लोकप्रिय विधायक विवेक गुप्ता के दिशानुसार सेवाकार्य किया जा रहा है। प्रधान सचिव बिमल दीवान ने बताया 9 और 10 जनवरी 2025 को स्वर्गीय हजारीमल दीवान, स्वर्गीय विजय दीवान, स्वर्गीय अशोक दीवान, स्वर्गीय पुष्पा देवी दीवान की स्मृति में उनके परिवार के मुरारीलाल दीवान द्वारा 1011 कंबल तीर्थयात्रीयो को वितरण किया जायेगा। एवं 11 जनवरी को पंकज निवेटीया द्वारा 300 कंबल वितरण होगा एवं 12 जनवरी को स्व. दीपचंद, स्व. गायत्री देवी अग्रवाल की स्मृति मे सज्जन अग्रवाल द्वारा वितरण किया जाएगा। उप-सचिव पवन



बंसल, सुभाष सांवलदेवाला एवं मेला संयोजक मनोज चौधरी, दुर्शीचंद ने बताया तीर्थयात्रियों के लिए चाय-बिस्कुट, नाश्ता हलवा-चना, पूरी सब्जी, दाल-भात- सब्जी, रोटी - सब्जी-आचार, खिचड़ी, बुंदिया-भुजिया, चूड़ा-गुड़, विश्रामगार एवं प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था दिन रात चलती रहेगी तथा निःशुल्क शुद्ध पेय जल सभी कैंप में वितरण किया जायेगा। मेला के चेयनमैन एवं मार्गदर्शक राजकुमार बोथरा की देख रेख में सुचारु रूप में सेवाकार्य किया जा रहा है।

मेला के कार्यकर्ता आदित्य विक्रम तुल्शियान, जय प्रकाश गुप्ता, मनीष धानुका, संजय अग्रवाल(पोस्ता), महेश काबरा, महाबीर नारनोली, पवन बैध, गोपाल अग्रवाल, पुनीत कनाई, चेतन अग्रवाल, राजेश मनकसिचा, संजय अग्रवाल, निमकाथाना, महेश पचलागीया, विनोद अग्रवाल, विमल मुरारका इत्यादि कार्यकर्ताओं का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है। यह सभी व्यवस्था 9 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 तक लगातार चलती रहेगी।

## कोलकाता कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र का हुआ शुभारंभ



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में आउट्राम घाट में प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र का शुभारम्भ हुआ। अध्यक्ष अशोक कुमार अवस्थी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष हजारों तीर्थयात्री सुविधा से लाभान्वित होते हैं। संस्था के सचिव योगेश अवस्थी ने अवगत कराया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संस्था की ओर से आउट्राम घाट में आगामी रविवार को गंगासागर जाने वाले तीर्थयात्रियों के बीच हजारों की संख्या में शॉल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ज्ञात हो कि संस्था द्वारा किए जाने वाले अन्य सेवामूलक कार्य निरन्तर जारी हैं। व्यवस्था में अमित त्रिपाठी, मनोज दीक्षित, वेदांश अवस्थी, बिमलेश त्रिवेदी, मोनू तिवारी एवं अन्य कार्यकर्ताओं की भूमिका सक्रिय रही।

## आउटराम घाट पर ट्रांजिट शिविर में निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा शिविर प्रारंभ




**कोलकाता, समाज्ञा :** गुरुवार को आउटराम घाट पर ट्रांजिट शिविर के अंतर्गत सोसाइटी बेनिफिट सर्किल ने निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा शिविर प्रारंभ किया जो आगामी बुधवार, 15 जनवरी तक अनवरत चलेगी। यह शिविर काशी विश्वनाथ सेवा समिति के साथ लगाया गया है। शिविर का उद्घाटन प्रसिद्ध उद्योगपति ब्रिज मोहन बेरीवाल एवं जोड़ासांको क्षेत्र के विधायक विवेक गुप्ता द्वारा किया गया। संस्था के अध्यक्ष पवन बंसल के नेतृत्व में संस्था का शुभारंभ हुआ। संस्था के सभापति बिमल दिवान, प्रधान सचिव आदित्य विक्रम तुलस्यान, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल, राजकुमार बोथरा, सुभाष सवालदावाला, मनोज चौधरी, दुर्शीचंद अग्रवाल, चिकित्सा शिविर प्रभारी बिमल मुरारका, संजय अग्रवाल (पोस्ता), मनीष धानुका, महेश काबरा, विनोद अग्रवाल, जय प्रकाश गुप्ता, महेश पांचालंगिया आदि की उपस्थिति में शिविर प्रारंभ हुआ। साथ ही 5 सदस्यीय चिकित्सक टीम पूरी उत्साह के साथ शिविर के प्रारंभ में हिस्सा लिया। ज्ञात रहे कि संस्था प्रयागराज में होने वाले महा कुंभ जो आगामी 11 जनवरी से लगातार 16 फरवरी तक चलेगी में भी प्राथमिक चिकित्सा शिविर लगाने जा रही है जो अपने आप में बहुत बड़ी सामाजिक एवं धार्मिक सेवा होगी। यह सारी जानकारी संस्था के प्रधान सचिव आदित्य विक्रम तुलस्यान ने दी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### प्रतीक, प्रियंका खो-खो विश्व कप में भारतीय पुरुष और महिला टीमों का नेतृत्व करेंगे

**नयी दिल्ली :** भारत में 13 जनवरी से शुरू होने वाले खो-खो विश्व कप के उद्घाटन सत्र में प्रतीक वायकर भारतीय पुरुष टीम जबकि प्रियंका इंगले महिला टीम की कप्तानी करेंगी। टूर्नामेंट 13 से 19 जनवरी तक इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। भारतीय पुरुष टीम शुरुआती दिन (13 जनवरी) नेपाल से भिड़ेगी, जबकि महिला टीम 14 जनवरी को दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी। इस दौरान मुन्नी जून महिला टीम के लिए मुख्य कोच के रूप में काम करेंगी, जबकि अश्विनी कुमार पुरुष टीम के सलाहकार होंगे। भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने खो-खो विश्व कप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मेजर जनरल विक्रम देव डोगरा के साथ बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की। मित्तल ने टीमों की जर्सी में एक विशेष बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि पुरुष और महिला दोनों टीमें की जर्सी पर 'भारत' लिखा होगा। खेलों में भारतीय टीम की जर्सी पर आमतौर पर 'इंडिया' लिखा होता है। मित्तल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हमारी टीम को 'भारत की टीम' के नाम से जाना जाएगा।

### राहुल को इंग्लैंड के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखलाओं से आराम मिलने की संभावना

**नयी दिल्ली :** भारत के अनुभवी बल्लेबाज लोकेश राहुल को इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से कोलकाता में शुरू होने वाली सफेद गेंद की श्रृंखलाओं से विश्राम मिलने की संभावना है। इंग्लैंड की टीम भारत के इस दौरे पर पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैचों की श्रृंखला खेलेगी। राहुल की हालांकि 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा जबकि बाकी मैच मेजबान देश पाकिस्तान में होंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को पीटीआई को बताया, "उन्होंने इंग्लैंड श्रृंखला से ब्रेक मांगा है, लेकिन वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे।"

# सात्विक-चिराग मलेशिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में, प्रणय हारे





**कुआलालंपुर :** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने बृहस्पतिवार को यहां मलेशिया सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया लेकिन एच एस प्रणय दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गये। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 43 मिनट तक चले राउंड 16 मुकाबले में मलेशिया के एन अजरिन और टान डब्ल्यूके को 21-15 21-15 से शिकस्त दी। अब क्वार्टरफाइनल में सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी का सामना यिउ सिन ओंग और ऐ यि टियो की स्थानीय प्रबल दावेदार जोड़ी से होगा। वहीं प्रणय पुरुष एकल के दूसरे दौर में चीन के लि शि फेंग से हारकर बाहर हो गये। भारत के 32 साल के खिलाड़ी को एक घंटे 22 मिनट तक चले मैच में सातवें वरीय लि से 8-21, 21-15, 21-23 से हार मिली। मालविका बंसोड को महिलाओं के राउंड 16 में चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त और दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी हान युए से 18-21 11-21 से शिकस्त मिली। इससे पहले त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को राउंड 16 मैच में चीन की जिया यि फान और झांग शु जियान से 21-15, 19-21, 19-21 से पराजय झेलनी पड़ी। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को 44 मिनट में चीन की चेंग जिंग और झांग चि की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 13-21, 20-22 से शिकस्त मिली। सतीश करूणाकरन और आद्या वरियथ की एक अन्य मिश्रित युगल जोड़ी को मलेशिया के सून हुआर गोह और शेवोन जेमी लाई से 10-21 17-21 से हार मिली।

## भारतीय टीम के कोच के लिए गंभीर सही विकल्प नहीं: मनोज तिवारी



**कोलकाता :** पूर्व बल्लेबाज मनोज तिवारी ने भारतीय टीम के हालिया प्रदर्शन पर सवाल उठाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि गौतम गंभीर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी को सलाह देने में माहिर हो सकते हैं लेकिन राष्ट्रीय टीम के कोच के लिए 'सही विकल्प' नहीं है। गंभीर के कोच बनने के बाद भारतीय टीम को 27 वर्षों में पहली बार श्रीलंका में एकदिवसीय श्रृंखला हार का सामना करना पड़ा। टीम को इसके बाद घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 0-3 की हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम अपनी सरजमी पर पहली बार तीन मैचों की श्रृंखला में 0-3 से हारी थी। टीम ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक दशक में पहली बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी गंवा दी। तिवारी का आईपीएल खेलने के दिनों में 2013 में गंभीर के साथ ड्रेसिंग रूम में तकरार हुआ था। तब दोनों कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम में शामिल थे। उन्होंने कोच के रूप में गंभीर की असफलता का हवाला देते हुए पीटीआई को दिये साक्षात्कार में कहा, 'देखिए, परिणाम आपके सामने है। परिणाम झूठ नहीं बोलते। आंकड़े गलत नहीं होते। रिकॉर्ड खुद बोलता है।' पश्चिम बंगाल सरकार के खेल राज्य मंत्री तिवारी ने गंभीर के कोचिंग के तरीके पर सवाल उठाते हुए कहा, 'वह राहुल द्रविड़ के अच्छे कामों को आगे नहीं बढ़ा पाए।' उन्होंने कहा, 'गंभीर को चीजों को सही करने या जीत की राह पर आने में बहुत समय लगेगा। उन्हें भारत जैसी टीम के खिलाड़ियों को कोचिंग देने का कोई अनुभव नहीं है।' उन्होंने कहा, 'मैं ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं लगता कि उनके पास टेस्ट या एकदिवसीय क्रिकेट में कोचिंग देने का कोई अनुभव है।' तिवारी का मानना है कि वीवीएस लक्ष्मण और साईराज बहुतुले जैसे पूर्व खिलाड़ियों को कोचिंग में पर्याप्त अनुभव है और वे भारतीय टीम के कोच के लिए आदर्श विकल्प होते। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि वीवीएस लक्ष्मण और साईराज बहुतुले जैसे पूर्व खिलाड़ी अगले मुख्य कोच बनने की कतार में थे। ये लोग पिछले कई वर्षों से एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) के साथ हैं। जब राहुल द्रविड़ उपलब्ध नहीं थे, तो अगला कोच ऐसे ही किसी को होना चाहिये था।' उन्होंने कहा, 'द्रविड़ के मामले में उस प्रक्रिया का पालन किया जा रहा था लेकिन इस बार गंभीर कैसे आए, कोई नहीं जानता। इसलिए ऐसा परिणाम मिलना तय था।' तिवारी ने कहा, 'जब कोई ऐसा व्यक्ति आता है जिसके पास कोई अनुभव नहीं है और वह काम करता है तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह कितना आक्रामक है। ऐसे में यह परिणाम आना तय है।' उन्होंने कहा, 'सिर्फ आईपीएल का परिणाम देखकर उन्हें मुख्य कोच नियुक्त करने का निर्णय गलत था। मेरी समझ से यह सही विकल्प नहीं था।'

## मुझे लगता है कि वह अगले कप्तान होंगेः गावस्कर ने बुमराह पर कहा



**सिडनी :** जसप्रीत बुमराह की टीम की नेतृत्व क्षमता से प्रभावित पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अनुमान लगाया कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) में शानदार प्रदर्शन करने वाला यह तेज गेंदबाज रोहित शर्मा के बाद भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करेगा। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों में 32 विकेट लिये। यह ऑस्ट्रेलिया में किसी विदेशी तेज गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बुमराह की कप्तान में टीम ने पर्थ में खेले गये इस श्रृंखला के शुरुआती मैच में जीत दर्ज की थी। गावस्कर ने 'चैनल 7' से कहा, 'वह (बुमराह) टीम का अगला कप्तान हो सकता है। वह जिम्मेदारी के साथ टीम का बढ़कर नेतृत्व करता है, उसकी छवि बहुत अच्छी है। उसमें कप्तान के गुण है और वह ऐसा व्यक्ति नहीं है तो आप पर अनावश्यक रूप से दबाव बनाये।' इस पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने कहा, 'कभी-कभी आपके पास ऐसे कप्तान होते हैं जो आप पर बहुत दबाव डालते हैं। बुमराह को देखकर लगता है कि वह दूसरों से अपेक्षा करते हैं कि वे वही करें जो उनका काम है। वह जिस काम के लिए राष्ट्रीय टीम में है वह काम करें लेकिन इसके लिए किसी पर दबाव नहीं डालते है।' बुमराह पिछले कुछ वर्षों से भारतीय तेज आक्रमण की अगुवाई कर रहे हैं उनके मार्गदर्शन ने मोहम्मद सिराज जैसे खिलाड़ियों को एक तेज गेंदबाज के रूप में विकसित होने में मदद की है। उन्होंने कहा, 'वह मिड-ऑफ, मिड-ऑन पर खड़े रहते है और तेज गेंदबाजों के लिए उनकी मौजूदगी फायदेमंद रहती है।

## न्यूज अपडेट

### तोमर के शतक से राजस्थान क्वार्टरफाइनल में, शमी के तीन विकेट के बावजूद बंगाल हारा



**वडोदरा :** सलामी बल्लेबाज अभिजीत तोमर के शानदार शतक की बदौलत राजस्थान ने बृहस्पतिवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी के इतिहास में पहली बार तमिलनाडु पर जीत दर्ज कर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। तोमर ने कोटाम्बी स्टेडियम में 125 गेंद में 111 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान महिपाल लोमरोर (49 गेंद में 60 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 160 रन की भागीदारी निभायी। इसके बावजूद राजस्थान की टीम 47.3 ओवर में 267 रन पर सिमट गई। तमिलनाडु और भारत के रहस्यमयी स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ियों को परेशान करते हुए पांच विकेट झटके लेकिन टीम को जीत दिलाने के लिए सिर्फ उनका ही प्रदर्शन काफी नहीं था। चक्रवर्ती (22 गेंद में 18 रन) ने बल्ले से भी योगदान दिया क्योंकि दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे और वह आउट होने वाले अंतिम खिलाड़ी रहे जिससे तमिलनाडु की टीम 47.1 ओवर में 248 रन पर ढेर हो गई। राजस्थान के तेज गेंदबाज अमन सिंह शेखावत (58 रन देकर तीन विकेट) ने चक्रवर्ती का विकेट झटका। राजस्थान की टीम रविवार को होने वाले क्वार्टरफाइनल में विदर्भ से भिड़ेगी। विजेता टीम के लिए निश्चित रूप से तोमर स्टार रहे जो नयी गेंद से शुरू में जूझने के बाद लिस्ट ए में अपना चौथा शतक जड़ने में कामयाब रहे जिसमें 12 चौके और चार छक्के जड़े थे। उन्होंने अपना शतक 30वें ओवर में एक रन बनाकर लगाया। वहीं मोतीबाग क्रिकेट मेदान पर हरियाणा ने पार्थ वत्स (62 रन) और निशांत संधू (64 रन) के हरफनमौला प्रदर्शन से बंगाल को 72 रन से शिकस्त दी।

### मंधाना की कप्तानी में भारतीय टीम की नजरें जीत की लय कायम रखने पर

**राजकोट :** वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम स्मृति मंधाना की कप्तानी में आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही पहली महिला द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में इस लय को कायम रखना चाहेगी। भारत ने वेस्टइंडीज को वनडे श्रृंखला में 3-0 से और टी20 में 2-1 से हराया। मंधाना ने दोनों प्रारूपों में सर्वाधिक रन बनाये जिसमें वनडे श्रृंखला में 148 और टी20 में 193 रन शामिल है। मंधाना उसी फॉर्म को आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में जारी रखना चाहेंगी। नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की गैर मौजूदगी में वह कप्तानी की भी जिम्मेदारी संभालेंगी। हरमनप्रीत और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को आराम दिया गया है। हरमनप्रीत और रेणुका की गैर मौजूदगी में हरलीन देयोल, प्रतीका रावल और जेमिमा रौड्रिग्स पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। देयोल ने वनडे श्रृंखला में 160 रन बनाये जबकि रावल ने 134 और जेमिमा ने 112 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में रेणुका की कमी खलेगी जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ दस विकेट लिये थे। अब नयी गेंदबाज टिटास साधू और साइमा ठाकोर पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। वनडे में तीन और टी20 में 13 विकेट ले चुकी साधू पर शुरूआती विकेट लेने की जिम्मेदारी होगी। उन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी रफ्तार और स्विंग से प्रभावित किया है। वहीं साइमा ने अब तक आठ वनडे में सात विकेट लिये हैं। आफ स्पिनर और उपकप्तान दीप्ति शर्मा की भूमिका भी अहम होगी जिसने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे में 31 रन देकर छह विकेट लिये। उनका साथ देने के लिये प्रिया मिश्रा और तनुजा कंवर होंगी। हरफनमौला राघवी बिष्ट और सयाली सतघारे को भी टीम में जगह दी गई है जो इस मौके को भुनाना चाहेंगी।



## मर्सिडीज ने पिछले साल रिकॉर्ड वाहन बेचे, 2025 में उतारेगी आठ नए मॉडल



**पुणे :** लक्जरी कार विनिर्माता मर्सिडीज-बेंज इंडिया इस साल बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों सहित आठ नए मॉडल पेश करने की योजना बना रही है। कंपनी 2024 में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज करने के बाद इस गति को बनाए रखना चाहती है। मर्सिडीज ने बृहस्पतिवार को बताया कि उसने पिछले साल 19,565 गाड़ियां बेचीं, जो 2023 के 17,408 के आंकड़े की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। मर्सिडीज की 2024 में बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर दोगुनी हो गई। कंपनी ने कहा कि पिछले साल बेचे गए चार वाहनों में से एक 'टॉप एंड व्हीकल' (टीईवी) था। इस श्रेणी के वाहनों की कीमत 1.5 करोड़ रुपये से अधिक है। पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा कि नए पेश किए जाने वाले वाहनों में नए मॉडल के साथ-साथ मौजूदा मॉडल के नए संस्करण भी शामिल होंगे। कंपनी ने पिछले साल भारत में 14 नए मॉडल पेश किए थे। अय्यर ने कहा कि कंपनी आशावादी बनी हुई है क्योंकि पिछले साल की दूसरी छमाही में कुछ मुश्किलों के बावजूद 2025 में भी बिक्री में वृद्धि जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की दूसरी छमाही में बाजार की वृद्धि दर घटकर दो-तीन प्रतिशत रह गई तथा टीईवी की मजबूत मांग के कारण मर्सिडीज की बिक्री में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अय्यर ने कहा, हमने नए साल की शुरुआत 2,000 से ज़्यादा कारों के ऑर्डर से की है। मुझे लगता है कि इससे हमें 2025 में आगे बढ़ने का काफी भरोसा मिलता है।

### टीसीएस का दिसंबर तिमाही का शुद्ध लाभ 11.95 प्रतिशत बढ़कर 12,380 करोड़ रुपये पर

**मुंबई :** देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 11.95 प्रतिशत बढ़कर 12,380 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 11,058 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। टीसीएस ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा, समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय 6.13 प्रतिशत बढ़कर 65,216 करोड़ रुपये हो गई, जो अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में 61,445 करोड़ रुपये थी। कुल व्यय सालाना आधार पर 45,658 करोड़ रुपये से 6.33 प्रतिशत बढ़कर 48,550 करोड़ रुपये हो गया।

### महाकुम्भः वाहनों के पार्किंग शुल्क के नकदी रहित भुगतान की सुविधा मिलेगी

**महाकुम्भ नगर :** महाकुम्भ मेले में वाहनों की पार्किंग के लिए नकद में शुल्क भुगतान के झंझट से श्रद्धालुओं को बचाने के लिए पार्क प्लस कंपनी ने फास्टैग युक्त पार्किंग प्रबंधन प्रणाली बृहस्पतिवार को शुरू की। पार्क प्लस के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमित लखोटिया ने बताया कि प्रयागराज आने वाले तीर्थयात्री पार्क प्लस ऐप की मदद से सरकार की ओर से स्वीकृत पार्किंग में कार पार्क करने के लिए जगह तलाश कर सकते हैं, जगह बुक कर सकते हैं और फास्टैग के जरिये पार्किंग शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कार मालिक अपनी कार पर लगे फास्टैग का उपयोग कर पार्किंग स्थल पर शुल्क भुगतान कर सकेंगे। मेला प्राधिकरण ने सभी 30 पार्किंग स्थलों के प्रबंधन के लिए पार्क प्लस को अनुबंधित किया है। लखोटिया ने बताया कि सभी पार्किंग स्थलों पर पार्क प्लस के सीसीटीवी और स्कैनर लगे हैं जो वाहनों पर लगे फास्टैग को स्कैन कर पार्किंग शुल्क काट लेंगे।

# देश के वाहन उद्योग को दुनिया में पहले स्थान पर पहुंचाने का लक्ष्य : गडकरी



**धार :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि हम वाहन उद्योग को दुनिया में पहले स्थान पर पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने देश के वाहन क्षेत्र की पिछले कुछ वर्षों में हुई वृद्धि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भारत का वाहन क्षेत्र दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि अब 'हमारा लक्ष्य नंबर एक बनना है।' केंद्रीय मंत्री ने यहां 'नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स' (नैट्रैक्स) में एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ...हमारा नंबर दुनिया में सातवां था लेकिन वाहन क्षेत्र में हम तीसरे नंबर पर हैं...हमने जापान को पीछे छोड़ दिया और अब हम तीसरे स्थान पर हैं। गडकरी ने कहा, तालिका में शीर्ष पर स्थित अमेरिकी वाहन क्षेत्र का आकार 78 लाख करोड़ रुपये और चीन का 47 लाख करोड़ रुपये का है। उन्होंने कहा, जब मैंने मंत्री का कार्यभार संभाला था, तब इस उद्योग का आकार 7.5 लाख करोड़ रुपये था और आज इसका आकार 22 लाख करोड़ रुपये है। ...और यही वो उद्योग है, जिसने अब तक 4.5 करोड़ नौकरियां पैदा की हैं, जो देश में सबसे ज़्यादा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, यह वाहन उद्योग है, जो राज्य सरकार और भारत सरकार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के हिस्से के रूप में सबसे ज्यादा राजस्व दे रहा है। गडकरी ने कहा कि उद्योग का निर्यात अधिकतम है और 'हमारा सपना भारतीय वाहन उद्योग को विश्व में नंबर एक बनाना है।'

### भारत में तीन साल में जैविक उत्पादों का निर्यात 20,000 करोड़ रुपये तक पहुंचाने की क्षमताः गोयल



**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में अगले तीन साल में जैविक उत्पादों का निर्यात बढ़ाकर 20,000 करोड़ रुपये तक पहुंचाने की क्षमता है। उन्होंने जैविक उत्पाद मानकों में स्पष्टता और पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ वैश्विक इन्हें मानकों के अनुरूप ढ़ालने के उद्देश्य से नए नियमों के साथ राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) के आठवें संस्करण को जारी करते हुए यह बात कही। गोयल ने उद्योग निकाय फिक्की के साथ साझेदारी में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, 'फिलहाल हमारा जैविक उत्पाद निर्यात 5,000-6,000 करोड़ रुपये है। अगले तीन साल में हम आसानी से 20,000 करोड़ रुपये का निर्यात हासिल कर सकते हैं, जो मौजूदा स्तर से करीब तीन से साढ़े तीन गुना अधिक होगा।' उन्होंने कहा कि इन उत्पादों की वैश्विक मांग करीब एक लाख करोड़ रुपये की है, जो आने वाले वर्षों में बढ़कर 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है, यह एक अनूठा अवसर है जिसे भारत को नहीं गंवाना चाहिए। भारत में पहले से ही दुनिया में सबसे ज्यादा किसान जैविक खेती कर रहे हैं। उन्होंने स्टार्टअप कंपनियों से ऐसे समाधान निकालने को कहा जो इस क्षेत्र के विकास में मदद करें। मई, 2001 में अपनी स्थापना के बाद से एनपीओपी में कई संशोधन हुए हैं। आठवां संस्करण भारत में जैविक उत्पादों को नियंत्रित करने वाले नियामकीय ढांचे में एक महत्वपूर्ण अद्यतन बदलाव है, जिसमें अंतिम संशोधन वर्ष 2014 में हुआ था। एनपीओपी के आठवें संस्करण की प्रमुख विशेषताओं में किसान-अनुकूल नियम, सुव्यवस्थित प्रमाणन, बढ़ी हुई पारदर्शिता और संशोधित ट्रेसेबिलिटी (उत्पत्ति स्थल का पता लगाना) प्रणाली शामिल हैं। आठवें संस्करण का उद्देश्य भारत के जैविक निर्यात क्षेत्र को बढ़ावा देना है, जिसका महत्वाकांक्षी लक्ष्य वर्ष 2030 तक जैविक खाद्य निर्यात को दो अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

### एफआईआई की निकासी जारी रहने से सेंसेक्स 528 अंक लुढ़का, निफ्टी भी नुकसान में



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा और प्रमुख मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 528 अंक लुढ़क गया। वहीं एनएसई का निफ्टी 162 अंक के नुकसान में रहा। कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच एचडीएफसी बैंक, टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। निवेशक कंपनियों के तिमाही परिणाम को लेकर असमंजस में हैं, जिससे बिकवाली तेज हुई। इसके अलावा, चीन में बेहद कम मुद्रास्फीति का आंकड़ा खराब मांग का संकेत है। सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस का दिसंबर तिमाही का परिणाम बृहस्पतिवार को बाजार बंद होने के बाद आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 528.28 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,000 अंक के स्तर से नीचे 77,620.21 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान, एक समय यह 605.57 अंक तक टूट गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 162.45 अंक यानी 0.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,526.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से टाटा स्टील, जोमैटो, लॉर्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक और एनटीपीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में नेस्ले, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स और भारती एयरटेल शामिल हैं।

## न्यूज अपडेट

### सोना 300 रुपये बढ़कर 80,300 रुपये पर, चांदी में 500 रुपये की तेजी

**नयी दिल्ली :** मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत लगातार तीसरे सत्र में 300 रुपये बढ़कर 80,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। व्यापारियों ने कहा कि पीपल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) द्वारा लगातार दूसरे महीने अपने भंडार में वृद्धि की खबर के बाद इस कीमती धातु में उछाल आया। पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर से उबरा, पांच पैसे की बढ़त के साथ 85.86 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच बृहस्पतिवार को रुपया अपने रिकॉर्ड निचले स्तर से उबर गया और अंत में पांच पैसे की बढ़त के साथ 85.86 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजारों में लगातार बिकवाली और विदेशी कोषों की निकासी से स्थानीय मुद्रा पर दबाव रहा, जबकि अमेरिका में व्यापक आर्थिक संभावनाओं में सुधार के कारण डॉलर मजबूत हुआ। उन्होंने कहा कि निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन में बदलाव से पहले व्यापार प्रतिबंधों से संबंधित अनिश्चितताओं ने डॉलर की मांग को बढ़ाया है, जबकि फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती में देरी के कदम को लेकर चिंता के कारण देश के बॉन्ड प्रतिफल में तेजी बनी रही।

### इस्कॉन के साथ मिलकर महाकुम्भ में 'महाप्रसाद सेवा' चलाएगा अदाणी समूह

**नयी दिल्ली :** अदाणी समूह और इंटरनेशनल सोसायटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) ने इस साल प्रयागराज में महाकुम्भ मेले में श्रद्धालुओं को भोजन परोसने के लिए हाथ मिलाया है। 'महाप्रसाद सेवा' 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुम्भ मेले की पूरी अवधि के दौरान की जाएगी। इस पहल के लिए इस्कॉन को धन्यवाद देने के लिए अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने बृहस्पतिवार को इस्कॉन शासी निकाय आयोग (जीबीसी) के चेयरमैन गुरु प्रसाद स्वामी से मुलाकात की। 'महाप्रसाद सेवा' में इस्कॉन के सहयोग पर अदाणी ने कहा, कुम्भ सेवा का एक पवित्र स्थान है, जहां हर भक्त भगवान की सेवा में शामिल होता है। यह मेरा सौभाग्य है कि हम इस्कॉन के सहयोग से महाकुम्भ में भक्तों के लिए 'महाप्रसाद सेवा' शुरू कर रहे हैं।

### बैंक अधिकारियों के संघ की दो दिन की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की धमकी

**नयी दिल्ली :** बैंक अधिकारियों के संगठन अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (एआईबीओसी) ने सप्ताह में पांच कामकाजी दिन और सभी संवर्गों में पर्याप्त भर्ती सहित विभिन्न मांगों को लेकर 24-25 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल की धमकी दी है। इसके अलावा, परिसंघ ने कामकाज के प्रदर्शन की समीक्षा और प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) पर वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के हालिया निर्देशों को तत्काल वापस लेने की मांग की है, जो नौकरी की सुरक्षा को खतरा पहुंचाते हैं तथा कर्मचारियों के बीच विभाजन उत्पन्न करते हैं। एआईबीओसी ने इसके अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में कर्मचारी/अधिकारी निदेशकों के पदों को भरने तथा भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के साथ लंबित शेष मुद्दों के समाधान पर भी जोर दिया। अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (एआईबीओसी) ने बयान में कहा, कार्यकारी समिति ने दो दिन की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का प्रस्ताव रखा है, जो संभवतः 24-25 फरवरी, 2025 के लिए निर्धारित है। अगर जरूरत पड़ी तो और भी सख्त कदम उठाए जा सकते हैं। इस महीने हड़ताल का नोटिस मिलने के बाद आंदोलन संबंधी गतिविधियां शुरू हो जाएंगी।

# 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन: पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

## प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई

**भुवनेश्वर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने भारत की वैश्विक भागीदारी के बढ़ते महत्व और देश के भविष्य को आकार देने में प्रवासी समुदाय की भूमिका पर भी बात की। जानकारी के मुताबिक, 10 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कार्यक्रम के समापन सत्र की अध्यक्षता करेंगी। सम्मेलन में भाग लेने के लिए 50 से अधिक देशों से बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों ने पंजीकरण कराया है।




**प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई**

इसके साथ ही एक दिवसीय यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। यह प्रवासियों भारतीयों के लिए एक विशेष पर्यटक ट्रेन है, जो दिल्ली के निजामुद्दीन से रवाना होगी और तीन सप्ताह की अवधि के लिए पर्यटन और धार्मिक महत्व के कई स्थलों की यात्रा करेगी। बता दें कि यह भारत सरकार का प्रमुख आयोजन है, जिसमें भारतीय प्रवासियों को जुड़ने और उन्हें एक-दूसरे के साथ बातचीत करने में सक्षम बनाने के लिए एक मंच प्रदान किया जाता है। इसका थीम विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान है।

**70 देशों के 3,000 एनआरआई ले रहे भाग**

कार्यक्रम में 70 से अधिक देशों के 3,000 हजार प्रवासी भारतीय (एनआरआई) भाग ले रहे हैं, जो भारत की आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यटन विकास में अपने योगदान पर चर्चा करेंगे। इसमें विकसित भारत का विजन भी शामिल होगा। त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू सम्मेलन की मुख्य अतिथि हैं। वह वर्चुअली सम्मेलन को संबोधित करेंगी।

## भारत की जीएसटी दुनिया की सबसे 'खराब' कर प्रणाली: कांग्रेस

**अहमदाबाद :** विपक्षी कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को भारत की माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली को दुनिया की इस तरह की सबसे 'खराब' व्यवस्था बताते हुए आरोप लगाया कि सरकार केवल तर्कसंगत बनाने की आड़ में नए शुल्क लगाने में रुचि रखती है। कांग्रेस के प्रवक्ता रंगराजन मोहन कुमारमंगलम ने यहां कहा कि देश उस स्थिति पर पहुंच गया है जहां मध्यम वर्ग सरकार के कर राजस्व को सहारा दे रहा है क्योंकि कॉर्पोरेट व्यवसाय में मंदी के कारण अधिक कर राजस्व का भुगतान नहीं कर रहे हैं। मौजूदा प्रणाली को कर आतंकवाद बताते हुए कांग्रेस नेता ने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोषपूर्ण जीएसटी प्रणाली को सुधारेंगे। उन्होंने कहा,हमारे पास एक ऐसी सरकार है जिसने पूरी दुनिया में सबसे खराब जीएसटी व्यवस्था बनाई है। करीब 50 देशों में जीएसटी जैसी कर संग्रह व्यवस्था है, लेकिन किसी में भी ऐसी जटिलताएं नहीं हैं जो हमारी जीएसटी व्यवस्था में हैं। कांग्रेस नेता ने प्रेस वार्ता में कहा, अभी पिछले महीने ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तीन अलग-अलग प्रकार के पॉपकॉर्न पर तीन अलग-अलग कर लगाकर जीएसटी को और भी जटिल बनाने की कोशिश की। प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि सरकार अब सिर्फ उन लोगों पर कर लगाने की कोशिश कर रही है जो वास्तव में उत्पाद खरीद रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंत: खपत कम हो जाएगी, जिससे और अधिक नौकरियां जाएंगी।

## केजरीवाल ने भाजपा पर मतदाता सूची में हेराफेरी का आरोप लगाया, निर्वाचन आयोग से की शिकायत



**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में हेराफेरी का आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई। केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े लोगों ने मतदाता सूची में 13,000 नये मतदाताओं को जोड़ने के लिए आवेदन किया और उन्होंने अपने पक्ष में मतदान को 'प्रभावित' करने के लिए 5,500 मतदाता प्रविष्टियों को रद्द करने की मांग की। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री इन कथित गड़बड़ियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग पहुंचे। केजरीवाल ने आयोग के अधिकारियों से मिलने के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, पिछले 22 दिनों में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के लिए 5,500 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

### नड्डा ने केजरीवाल पर पूर्वांचली मतदाताओं के अपमान का आरोप लगाया

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर पूर्वांचल के लोगों का अपमान करने का आरोप लगाया और कहा कि विधानसभा चुनाव में हार के डर से वह उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के खिलाफ 'अनर्गल बयानबाजी' करने पर उतारू हो गये हैं।

## भारत के साथ राजनीतिक, आर्थिक रिश्ते मजबूत करना चाहते हैं : अफगानिस्तान

**नयी दिल्ली :** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने कहा है कि भारत एक 'अहम' क्षेत्रीय और आर्थिक शक्ति है। तालिबान की यह टिप्पणी विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के बीच दुबई में बुधवार को हुई बातचीत के बाद आई है। मिसरी और मुत्तकी ने अगस्त 2021 में तालिबान के अफगानिस्तान में सत्ता पर काबिज होने के बाद दोनों देशों के बीच आयोजित पहली सार्वजनिक उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। अफगान विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मुत्तकी ने ''मानवीय सहायता के लिए भारत



का आभार जताया और कहा कि अपनी संतुलित एवं अर्थव्यवस्था-केंद्रित विदेश नीति के तहत हम भारत के साथ राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करना चाहते हैं। ''मंत्रालय ने कहा, ''विदेश मंत्री ने भारतीय पक्ष को भरोसा दिलाया कि उसे अफगानिस्तान से कोई खतरा नहीं है। उन्होंने राजनयिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारत से अपने व्यापारियों, मरीजों और छात्रों को वीजा सुविधा मिलने की आशा भी व्यक्त की।''

## किसानों से बात करके डल्लेवाल का अनशन खत्म कराएं प्रधानमंत्री: प्रियंका

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना अहंकार त्यागकर और बातचीत करके डल्लेवाल का अनशन खत्म कराना चाहिए। किसान नेता डल्लेवाल फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 26 नवंबर 2024 से आमरण अनशन पर हैं। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल जी 45 दिनों से आमरण अनशन पर हैं। उनकी हालत लगातार बिगड़ रही है। लेकिन भाजपा सरकार उनकी सुध लेने को




तैयार नहीं है। इसी हठधर्मिता ने किसान आंदोलन में 750 किसानों की जान ले ली थी। उन्होंने सवाल किया कि किसानों के प्रति इतनी निष्ठुरता क्यों? कांग्रेस ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया,प्रधानमंत्री जी, कृपया अहंकार छोड़िए और तत्काल किसानों से बात करके डल्लेवाल जी का अनशन खत्म कराइए।

## तिरुपति भगदड़: आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे

**तिरुपति :** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू तिरुपति में भगदड़ में घायल लोगों का हाल-चाल जानने के लिए बृहस्पतिवार को उस अस्पताल पहुंचे, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। तिरुपति में एमजीएम स्कूल के पास बैरागी पट्टेदा में बुधवार रात भगदड़ मचने से कम से कम छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। यह भगदड़ उस समय मची जब सैकड़ों श्रद्धालु तिरुमला स्थित भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए टिकट पाने की कोशिश कर रहे थे। दस जनवरी से शुरू होने वाले 10 दिवसीय वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए देशभर से सैकड़ों श्रद्धालु तिरुपति पहुंचे हैं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने एसवीआईएमएस (श्री वेंकटेश्वर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज) पहुंचकर कल (बुधवार) मची भगदड़ में घायल श्रद्धालुओं को सांत्वना दी। बयान के मुताबिक, एसवीआईएमएस में मुख्यमंत्री ने घायल श्रद्धालुओं के साथ 90 मिनट बिताए। उन्होंने एक-एक कर सभी मरीजों से मुलाकात की और उनकी शिकायतें सुनीं। इससे पहले, नायडू ने भगदड़ वाली जगह का निरीक्षण किया और वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को संभालने के लिए किए गए इंतजामों का जायजा लिया।

## मुझे इंदिरा गांधी बहुत मजबूत महिला लगती थीं, लेकिन पता चला कि वह तो कमजोर थीं: कंगना

**मुंबई :** फिल्म इमरजेंसी में इंदिरा गांधी की भूमिका निभा रहीं कंगना रनौत का कहना है कि वह पूर्व प्रधानमंत्री को बहुत मजबूत महिला मानती थीं, लेकिन गहन अध्ययन के बाद अब उनका मानना है कि वह ''कमजोर'' थीं और ''उन्हें खुद पर यकीन नहीं'' था। हिमाचल प्रदेश के मंडी से पहली बार लोकसभा सदस्य कंगना अक्सर विवादास्पद बयानों के लिए सुर्खियों में रहती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज कोई भी निर्देशक उनके लायक नहीं है। रनौत ने चर्चित फिल्म इमरजेंसी की रिलीज से पहले 'पीटीआई-भाषा' को दिए वीडियो साक्षात्कार में कहा, मैं बहुत गर्व के साथ कह रही हूं कि आज फिल्म



उद्योग में एक भी ऐसा निर्देशक नहीं है, जिसके साथ मैं काम करना चाहूं, क्योंकि उनमें वो बात ही नहीं है...कि मैं उनके साथ काम करने के लिए राजी हो सकूं। ''रनौत ने तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा 1975 में लगाए गए 21 महीने के आपातकाल को दर्शाने वाली फिल्म ''इमरजेंसी'' का निर्देशन और निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें इंदिरा गांधी से समानुभूति रखती हैं और जब तक उन्होंने इस फिल्म पर काम शुरू नहीं किया था, तब तक वह उन्हें बहुत मजबूत मानती थीं। रनौत ने कहा, लेकिन जब मैंने अध्ययन किया तो मुझे समझ में आया कि वह इसके बिल्कुल विपरीत थीं। इससे मेरा यह विश्वास और मजबूत हुआ कि आप जितने कमजोर होते हैं, उतना ही अधिक नियंत्रण आप चाहते हैं। वह एक बहुत कमजोर व्यक्ति थीं। उन्हें खुद पर यकीन नहीं था और वह वास्तव में कमजोर थीं।

## आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और अमेरिका एकजुट: अमेरिकी राजदूत

**मुंबई :** भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के मामले में एकजुट हैं। दोनों देशों के बीच संबंधों को ''बहुआयामी'' बताते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिकी स्वप्न और भारतीय स्वप्न एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। गार्सेटी ने भारत में अपने कार्यकाल को ''अत्यंत असाधारण'' बताया और कहा कि भारत ने उनका दिल जीत लिया। यहां एक कार्यक्रम से इतर चुनिंदा मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में ''अनंत संभावनाएं'' हैं। भारत में गार्सेटी का अमेरिकी राजदूत के रूप में कार्यकाल जल्द ही समाप्त होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में उनका कार्यकाल उनके जीवन का



सबसे असाधारण कार्य रहा। गार्सेटी ने कहा, ''राष्ट्रपति जो. बाइडन ने कहा था कि भारत उनके लिए दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण देश है और यदि आप भविष्य पर काम करना चाहते हैं, तो आपको भारत आने की जरूरत है। किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति ने कभी ऐसा नहीं कहा है।''दोनों देशों के बीच संबंधों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, ''मैं दुनिया में भारत की भूमिका का स्वागत करता हूं - चाहे वह यूक्रेन-रूस संघर्ष में शांति हो, हिंद महासागर में गश्त हो। हम भारत की प्रगति देखना पसंद करते हैं। यह एक मजबूत, गौरवान्वित भारत है जिसे आधुनिक दुनिया ने कभी नहीं देखा है। ''गार्सेटी ने यहां 'पीस एंड द रोल ऑफ द यूएस- इंडिया डिफेंस एंड सिक्योरिटी पार्टनरशिप' विषय पर एक सभा को भी संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान अपराधियों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए दोनों देशों के बीच खुफिया जानकारी साझा करने और सहयोग बढ़ाने पर संतोष व्यक्त किया। गार्सेटी ने कहा कि अमेरिकी स्वप्न और भारतीय स्वप्न एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, दोनों देशों के बीच संबंध ''बहुआयामी'' हैं और दोनों की साझेदारी की कोई सीमा नहीं है। उन्होंने आतंकवाद के कारण अनेक निर्दोष लोगों की मौत पर चिंता जताई। गार्सेटी ने कहा, ''दोनों देशों को लश्कर, जैश, आईएसआईएस जैसे आतंकवादी संगठनों से खतरा है। इन आतंकवादी संगठनों की कोई सीमा नहीं है। हमें मिलकर इस खतरे का सामना करना चाहिए।

### अदाणी के बारे में कुछ नहीं कहना, उद्योगपतियों के साथ हमारी अच्छी भागीदारी: अमेरिकी राजदूत गार्सेटी

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने बृहस्पतिवार को भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिका में लगे आरोपों पर कुछ भी कहने से इनकार करते हुए कहा कि हमारे पास एक स्वतंत्र न्याय प्रणाली है। गार्सेटी ने यह भी कहा कि यहां (भारत में) उद्योगपतियों और बड़ी कंपनियों के साथ हमारी बेहतर भागीदारी रही है और हम नए कारखानों, बंदरगाहों का प्रत्यक्ष रूप से वित्तपोषण कर रहे हैं। यहां एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं के साथ अलग से बातचीत में गार्सेटी ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों में 'अनंत संभावनाएं' हैं। अमेरिकी राजदूत के रूप में उनका कार्यकाल समाप्त होने वाला है। भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी पर अमेरिका में लगे आरोपों के बारे में पूछे जाने पर गार्सेटी ने कहा, ''मुझे इस पर कोई टिप्पणी नहीं करनी है। हमारे पास एक स्वतंत्र आपराधिक न्याय प्रणाली है। ''

## न्यूज इन ब्रीफ

### कुलगाम में लश्कर-ए-तैयबा के तीन सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर :** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि तीनों को पुलिस, सेना और सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के संयुक्त दल ने जिले के कैमोह थाने में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज प्राथमिकी के संबंध में जांच के दौरान गिरफ्तार किया। इन तीनों आतंकवादी सहयोगियों की पहचान उबैद खुर्शीद खांडे, मकसूद अहमद भट और उमर बशीर के रूप में हुई है और वे सभी कुलगाम के थोकरपोरा के निवासी हैं। प्रवक्ता ने कहा, ''संयुक्त टीम ने एके-श्रृंखला की दो राइफल, एके श्रृंखला की आठ मैगजीन, एके की 217 गोलियां, पांच हथगोले और दो मैगजीन पाउच सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किए। ''

### प्रख्यात गायक पी. जयचंद्रन का निधन

**त्रिशूर (केरल) :** प्रसिद्ध गायक पी. जयचंद्रन का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जयचंद्रन ने मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में 16 हजार से अधिक गीत गाये हैं। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि गायक का बृहस्पतिवार शाम यहां एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। भारतीय संगीत की दुनिया में जयचंद्रन ने खूब नाम कमाया और उन्होंने 'बेस्ट प्लेबैक सिंगर' के तौर पर कई पुरस्कार जीते। उन्हें केरल सरकार के प्रतिष्ठित जे. सी. डैनियल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

### कुलगाम में संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर :** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार कर उसके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। सेना ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा कि यह गिरफ्तारी बुधवार को कुलगाम के कैमोह इलाके में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किए गए घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान की गई। चिनार कोर ने अपने 'एक्स' हैंडल पर कहा, ''तलाशी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक एके राइफल, 4 मैगजीन, दो हथगोले और अन्य सामग्री बरामद की गई है। ''उसने कहा कि पुलिस द्वारा आगे की जांच जारी है।

### गडकरी ने इंदौर-हैदराबाद गलियारे के 33 किलोमीटर हिस्से का हवाई निरीक्षण किया

**इंदौर :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इंदौर और हैदराबाद के बीच बन रहे उच्च रफ्तार गलियारे के 33 किलोमीटर हिस्से का बृहस्पतिवार को हवाई निरीक्षण किया और पश्चिमी मध्यप्रदेश की अन्य राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गडकरी ने भारतमाला परियोजना के तहत बन रहे इंदौर-हैदराबाद गलियारे के इंदौर के तेजाजी नगर से खरगोन जिले के बलवाड़ा के बीच के हिस्से का हवाई निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि 33 किलोमीटर के इस खंड का निर्माण दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है जिसमें दुर्गम पहाड़ी इलाके में तीन सुरंगें भी बननी हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस खंड के निर्माण से मध्यप्रदेश से महाराष्ट्र होते हुए तेलंगाना तक यातायात आसान हो जाएगा।

### आंबेडकर जन्मस्थली पर रैली करने से पहले अपने पुराने पाप धोए कांग्रेस: मोहन यादव

**इंदौर :** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की मध्यप्रदेश स्थित जन्मस्थली महू में कांग्रेस की 26 जनवरी को प्रस्तावित रैली को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बृहस्पतिवार को प्रमुख विपक्षी दल पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसने आंबेडकर के जीवनकाल में उनका हमेशा अपमान किया। देश में आंबेडकर की विरासत को लेकर जारी सियासी रस्साकशी के बीच कांग्रेस इंदौर के पास महू में गणतंत्र दिवस पर जय बापू-जय भीम-जय संविधान रैली का आयोजन करने जा रही है। स्थानीय कांग्रेस नेताओं के मुताबिक रैली में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी भाग लेंगे।

## बीते साल 40 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के 59 घर बिके

**नयी दिल्ली :** अल्ट्रा लक्जरी यानी बेहद आलीशान घरों की मांग 2024 में रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गई है। संपत्ति परामर्श कंपनी एनारॉक ने बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा कि इसमें शीर्ष सात प्राथमिक और द्वितीयक आवास बाजारों में 59 घरों की बिक्री 4,754 करोड़ रुपये की कीमत पर हुई है। 'अल्ट्रा-लक्जरी' या अत्याधुनिक सुविधाओं वाले घरों की कीमत 40 करोड़ रुपये से अधिक होती है। एनारॉक के आंकड़ों से पता चलता है कि बढ़ती कीमतों के बावजूद आलीशन घरों की बिक्री में 2024 में तेजी जारी रही। एनारॉक सात प्रमुख शहरों - दिल्ली-एन-सीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, चेन्नई और कोलकाता में रियल एस्टेट गतिविधियों पर नजर रखती है। इसमें कहा गया है कि ऐसी परिसंपत्तियों की बिक्री संख्या और बिक्री मूल्य नए शिखर पर पहुंच गए। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, कुल मिलाकर, 2024 में प्रमुख सात शहरों में 59 अल्ट्रा-लक्जरी घर बेचे गए, जिनका सामूहिक बिक्री मूल्य



लगभग 4,754 करोड़ रुपये था। बेची गई कुल 59 इकाइयों में से 53 अपार्टमेंट और छह विला थे। वहीं, उन्होंने कहा कि 2023 में इन शहरों में 58 अल्ट्रा-लक्जरी घर (53 अपार्टमेंट और पांच विला) बेचे गए, जिनका संयुक्त बिक्री मूल्य 4,063 करोड़ रुपये था। पुरी ने कहा, सौदों की संख्या और उनके संयुक्त बिक्री मूल्य, दोनों में वार्षिक वृद्धि शीर्ष शहरों में आलीशन संपत्तियों की स्थायी मांग को दर्शाती है। पिछले साल प्रमुख सात शहरों में बेची गई कम से कम 59 अल्ट्रा-लक्जरी संपत्तियों में से, मुंबई में 52 इकाइयां बिकीं। इसके बाद दिल्ली-एनसीआर में तीन इकाइयां बिकीं। बेंगलुरु और हैदराबाद में दो-दो सौदे हुए।

## न्यूज अपडेट

### उत्तराखंड में इसी महीने लागू होगी समान नागरिक संहिता: धामी

**बरेली (उप्र) :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने राज्य में की गई विभिन्न पहलों का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को कहा है कि देवभूमि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता इसी महीने लागू होगी। उन्होंने यहां कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जहां समान नागरिक संहिता कानून होगा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि देवभूमि उत्तराखंड में लगातार श्रद्धालुओं और पर्यटकों का आगमन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा, ''हरिद्वार और ऋषिकेश में हम गंगा कॉरिडोर बनाएंगे। शारदा नदी पर भी कॉरिडोर बनाया जा रहा है इस पर काफी काम शुरू हो चुका है। ''यहां आयोजित 29 वें उत्तरायणी मेला का उद्घाटन करने पहुंचे धामी ने कहा कि उत्तराखंड में काफी विकास कार्य चल रहे हैं। उनका कहना था कि बाबा केदार नाथ पर पुनर्निर्माण हो रहा है। वहां उपचुनाव हुआ और भाजपा को वहां विजय मिली। बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान से काम हो रहा है। कुमाऊं क्षेत्र में जितने मंदिर है उनके सौंदर्यीकरण का काम और पुनर्निर्माण का काम लगातार हो रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्णागिरी में उत्तर प्रदेश से ज्यादा श्रद्धालु जाते हैं। उन्होंने कहा, मुझे काफी खुशी होती है। अब हम वहां शारदा कॉरिडोर बनाएंगे जिससे वहां सुन्दर घाट होंगे और सौंदर्यीकरण होगा। 'डेस्टिनेशन वेडिंग' और पर्यटन रूप में उत्तराखंड को विकसित किया जा रहा है जिससे लोग विदेश में वैवाहिक और अन्य कार्यक्रम ना कर देवभूमि में करेंगे।

### प्रधानमंत्री की परीक्षा पे चर्चा के 8वें संस्करण के लिए अब तक रिकॉर्ड 2.79 करोड़ से अधिक पंजीकरण

**नयी दिल्ली :** शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री की परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण के लिए अब तक रिकॉर्ड संख्या में 2.79 करोड़ से अधिक पंजीकरण कराये जा चुके हैं। परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) एक वार्षिक कार्यक्रम है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों से बातचीत करते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान मोदी परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को होने वाले तनाव और अन्य मुद्दों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर भी देते हैं। पिछले महीने शुरू हुई पंजीकरण प्रक्रिया 14 जनवरी को समाप्त होगी। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण के लिए भारत और विदेशों से विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से 2.79 करोड़ से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए हैं, जो एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। मुख्य कार्यक्रम को गति प्रदान करने के लिए 12 जनवरी (राष्ट्रीय युवा दिवस) से 23 जनवरी (नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती) तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### रेलवे टिकट प्रणाली को नुकसान पहुंचाने के प्रयासों को रोका जाना चाहिए: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय रेलवे देश के बुनियादी ढांचे का मुख्य आधार है और इसकी टिकट प्रणाली की शुचिता एवं स्थिरता को बाधित करने के हर प्रयास को रोका जाना चाहिए। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने रेलवे टिकट प्रणाली में धोखाधड़ी के दो आरोपियों की दो अलग-अलग अपील पर सुनवाई के दौरान कहा, ''भारतीय रेल हमारे देश के बुनियादी ढांचे का अहम आधार है। यह सालाना लगभग 673 करोड़ यात्रियों के आवागमन में मदद करती है और इस देश की अर्थव्यवस्था पर इसका जबरदस्त प्रभाव पड़ता है। टिकट प्रणाली की शुचिता और स्थिरता को बाधित करने के किसी भी प्रयास को तुरंत रोका जाना चाहिए। ''ये अपील रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 143 की व्याख्या से संबंधित थीं। इस धारा में रेलवे टिकटों की खरीद और आपूर्ति के अनधिकृत कारोबार के लिए जुर्माना लगाने का प्रावधान है।

## सीआरपीएफ के सेवानिवृत्त श्वानों को आम जन गोद ले सकेंगे

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने उसके सेवानिवृत्त खोजी व हमलावर कुत्तों को आम लोगों को गोद देने के लिए पहली बार ऑनलाइन सेवा शुरू की है जिसका मकसद देश के सबसे बड़े अर्द्धसैनिक बल के श्वानों को सुखद जीवन देना है। यह शायद पहली बार है कि किसी सुरक्षा बल ने अपने प्रशिक्षित कुत्तों को आम लोगों को गोद देने के लिए इस तरह की पेशकश की है। दरअसल, इस तरह के कदमों को लेकर यह आशंका रहती है कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों द्वारा इन अत्यधिक कुशल और प्रशिक्षित कुत्तों का दुरुपयोग न किया जाए। अब तक केंद्रीय बल और राज्य पुलिस अपने सेवानिवृत्त कुत्तों को देखभाल के लिए पंजीकृत गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) या प्रतिष्ठित संगठनों को सौंपते रहे हैं। चार नस्लों - बेल्जियन शेफर्ड मालिनोइस, जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर और मुधोल हाउंड - के 30 से अधिक कुत्तों को अब कठोर प्रक्रिया के माध्यम से गोद लिया जा सकता



है। इस प्रक्रिया की निगरानी बेंगलुरु के पास स्थित सीआरपीएफ का विशेष श्वान प्रजनन एवं प्रशिक्षण स्कूल (डीबीटीएस) द्वारा की जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि आठ-12 वर्ष की आयु वाले इन कुत्तों ने देश भर में नक्सल-विरोधी, उग्रवाद-विरोधी और आतंकवाद-रोधी अभियानों में सैकड़ों अभियानों में मदद की है तथा आईईडी या माओवादियों या आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमलों से अनेक जवानों की जिंदगी बचाई है।

